

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

खुद पर विश्वास करें, दुनिया अपने आप विश्वास करने लगेगी

वर्ष : 16 अंक : 264 | उज्जैन, शुक्रवार 06 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


## न्यूज ब्रीफ

### भारत को मजबूत हाथों की जरूरत लेकिन... राहुल गांधी का पीएम पर निशाना



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस ने हिंद महासागर में श्रीलंका की समुद्री सीमा के निकट ईरानी जहाज को डूबने की अमेरिकी कार्रवाई को सरकार की रणनीतिक लापरवाही बताते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश को एक मजबूत हाथ की जरूरत है, लेकिन उसके पास आज एक समझौता करने वाला प्रधानमंत्री है जिसने हमारी रणनीतिक स्वतंत्रता को को सरेंडर कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत का मेहमान ईरानी जहाज बिना हथियार लौट रहा था जिस पर हिंद महासागर क्षेत्र में टॉरपीडो से हमला हुआ पर पीएम मोदी चिंता या दुख जताने की बजाय चुप हैं।राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा %दुनिया एक उतार-चढ़ाव वाले दौर में आ गई है। आगे तूफानी समुद्र आने वाला है। भारत की तेल सप्लाई खतरे में है। हमारा 40 प्रतिशत से ज्यादा आयात होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। एलपीजी-एलएनजी के लिए हालत और भी खराब है। यह लड़ाई हमारे आस-पास तक पहुंच गई है। एक ईरानी जंगी जहाज हिंद महासागर में डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा है। ऐसे समय में हमें एक मजबूत हाथ की जरूरत है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों को बिना सोचे-समझे कैसे छोड़ दिया है यह सब देख सकते हैं। जब आप अपने आस-पास हो रही घटनाओं पर पीएम कुछ बोल नहीं सकते तो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर होने पर लेक्चर क्यों दे रहे हैं। होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय व्यावसायिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय की मौत हो गई है तो कोई समुद्री बचाव-राहत आपरेशन क्यों नहीं चल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा कि सिर्फ 25 दिनों का क्रूड और तेल स्टाक बचा है तो संकट से निपटने की हमारी क्या योजना है, खासकर अमेरिका की मांग पर रूस से तेल आयात नहीं करने पर राजी होने के बाद। खरगे ने आरोप लगाया कि विदेश नीति को बर्बाद किया जा रहा है जिसे वर्षों की कठिन मेहनत से बनाया गया था।

### संजू सैमसन-शिवम दुबे ने छुड़ाए अंग्रेजों के छक्के, भारत ने इंग्लैंड को रौंदकर कटाया फाइनल का टिकट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार रात रनों का ऐसा तूफान उठा कि अंग्रेज गेंदबाज उसमें उड़ गए। क्या जोफ्रा आर्चर और क्या सैम करन, जो सामने आया भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसी कुटाई की कि वह छुपने की जगह ढूंढते दिखे। संजू सैमसन ने तीसरे ओवर (15 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे) में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और तूफानी पारी खेली। संजू सैमसन (89) के अलावा ईशान किशन (39), शिवम दुबे (43) और तिलक वर्मा (21) भी सिक्स हिटिंग मशीन बन गए। ऐसे में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 250 से ज्यादा स्कोर बनाया। मुकाबले में कुल 499 रन बने। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड टीम अंत तक लड़ी। जैकब बेथेल के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 246 रन बना दिए। टीम इंडिया ने 7 रन से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट कटाया। 8 मार्च को फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बल्लेबाजी का आमंत्रण पाकर उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और अभिषेक शर्मा (9) एक बार फिर नाकाम रहे। अगले ही ओवर में संजू सैमसन को एक जीवनदान भी मिला। कप्तान हैरी ब्रूक ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद तो संजू ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया। ईशान किशन ने भी उनका भरपूर साथ दिया। दोनों ने 45 गेंदों पर 97 रन जोड़े। ईशान ने 18 गेंदों पर 39 रन ठोके। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 सिक्स लगाए। शतक की ओर बढ़ रहे संजू सैमसन के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा। पिछले मैच के हीरो संजू ने 42 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके साथ ही संजू ने सिक्स का खास रिकॉर्ड भी बनाया।

# गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को ना हो कोई परेशानी : मुख्यमंत्री

**परफार्मेंस और परिणाम देने वाले कलेक्टर ही रहेंगे मैदान में**



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर पंजीकृत किसानों में से चिन्हित किसानों के सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान के लिए शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 16 मार्च से 5 मई तक होगा और शेष संभागों जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, चम्बल व सागर में 23 मार्च से 12 मई तक किया जाएगा। किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक करा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को मंत्रालय में आयोजित अभियान की राज्य स्तरीय बैठक के बाद जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद में यह निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपार्जन केन्द्रों का समय-सीमा में निर्धारण, उनकी स्थापना और इन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में लगे अमले के उपयुक्त प्रशिक्षण सहित जिला उपार्जन समिति द्वारा नियमित बैठक कर समस्याओं के त्वरित निदान की व्यवस्था की जाए। किसानों को अद्यतन जानकारियां सरलता से उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को खाड़ी देशों में वर्तमान में निर्मित अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए इन देशों में रह रहे जिले के विद्यार्थियों, नागरिकों के परिवारों से सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली और वल्लभ भवन मंत्रालय में प्रदेशवासियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला स्तर पर ऐसे व्यक्तियों और परिवारों से कलेक्टर्स निरंतर समन्वय और सम्पर्क रखें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का अंतिम चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत 40 लाख आवेदनों का निराकरण हुआ है। अब 16 मार्च तक जिला स्तरीय शिविर लगना है। विकास और जनकल्याण की इस गतिविधि की जिला कलेक्टर सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। अभियान में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कलेक्टर्स जिले की सभी गतिविधियों में परफार्मेंस और परिणाम देंगे वे ही मैदान में रहेंगे, यह सिद्धांत सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में वीसी सेटअप के संबंध में आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, पांढुणा, बालाघाट, भोपाल जिलों को तत्काल कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीसी सेटअप से सभी विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर तक संवाद स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे विकास और जनकल्याण के कार्यों की समीक्षा में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा स्तर के विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन और व्यवस्था के संबंध में मिथ्या या भ्रम फैलाने वाली जानकारियों का जिला स्तर पर तत्काल प्रभावी रूप से खंडन किया जाए। सोशल मीडिया के युग में ऐसी गतिविधियों पर त्वरित रूप से वस्तुस्थिति रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में शाला और महाविद्यालयीन स्तर पर परीक्षाओं का समय चल रहा है। जिला अधिकारी शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावासों, विश्वविद्यालय परिसरों का आकस्मिक निरीक्षण आवश्यक रूप से करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षाओं का संचालन और आगामी सत्रारंभ निर्विघ्न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला अधिकारियों को जिला स्तर पर नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यालयीन समय का पालन करने की अपेक्षा है। इस संबंध में गत दिवस मंत्रालय में कार्यालयीन समय अनुसार उपस्थिति का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया था। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर्स द्वारा अपने स्तर पर इस प्रकार के निरीक्षण की व्यवस्था की जाए। कार्यालयीन स्टॉफ को दी गई सुविधाएं, उनका अधिकार है, इसके साथ उनसे नियमानुसार कार्य लेना भी सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। यदि कार्यालयीन समय के पालन में सुधार नहीं आया तो राज्य में 6 कार्य दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। शासकीय कार्यालयों में आम नागरिकों के लिए सुगम व्यवस्था स्थापित करना हमारा उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिलों में होने वाले परम्परागत मेलों में कृषि-पशुपालन आदि क्षेत्र में नवाचार करने वालों या विशेष उपलब्धि अर्जित करने वालों की प्रदर्शनी लगाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला स्तर पर होम-स्टे को प्रोत्साहित करने के भी कलेक्टर्स को निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री अशोक बर्णवाल, श्री संजय दुबे, श्री नीरज मंडलोई, श्रीमती दीपाली रस्तोगी, श्री शिवशेखर शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समस्त जिला कलेक्टर्स वर्चुअली शामिल हुए।

## महाराष्ट्र में थम गया चक्का जाम का खतरा, परिवहन मंत्री के वादे के बाद ट्रांसपोर्टर्स वापस ली हड़ताल



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** महाराष्ट्र परिवहन कार्य समिति (एम-टीएसी) द्वारा ई-चालान और अन्य मांगों के विरोध में बुलाई गई राज्यव्यापी परिवहन हड़ताल राज्य सरकार के लिखित आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने ट्रांसपोर्टरों को लिखित रूप में आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा और बजट सत्र के बाद इनका समाधान किया जाएगा।

सरकार ने ट्रांसपोर्टरों से अपील की थी कि पश्चिम एशिया में चल रही युद्ध जैसी स्थिति, स्कूल परीक्षाओं और आगामी राज्य बजट के कारण हड़ताल न की जाए, क्योंकि इससे जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। एम-टीएसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि मंत्री प्रताप सरनाइक के लिखित आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया गया है। निजी बस मालिक और परिवहन नेता हर्ष कोटक ने कहा कि सरकार से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री के बजट सत्र में व्यस्त होने के कारण बजट के बाद सभी मांगों पर विचार किया जाएगा। कई हितधारकों को शामिल कर इस मुद्दे का समाधान किया जाएगा और सदन में भी इसकी घोषणा होगी। अगले सप्ताह बैठक होने की संभावना है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

स्कूल बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गर्ग ने बताया कि सरकार के अनुरोध पर हड़ताल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गई है, इसलिए आधी रात से कोई हड़ताल नहीं होगी।

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण माल ढुलाई प्रभावित है और स्कूल परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में हड़ताल से समस्याएं बढ़ जाएंगी। इसलिए उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से हड़ताल न करने की अपील की। सरकार ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी वीडियो कॉल पर बात कर आश्वासन दिया कि शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ट्रांसपोर्टरों ने इस आश्वासन पर भरोसा जताते हुए हड़ताल टाल दी है, लेकिन वे आगे की बैठक के बाद स्थिति की समीक्षा करेंगे।

## वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट असम में लापता, कार्बी आंगलॉन्ग जिले में सर्च ऑपरेशन शुरू



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय वायु सेना का एक सुखोई स्-30MKI लड़ाकू विमान गुरुवार शाम असम में रडार से लापता हो गया है।

यह विमान असम के जोरहाट से एक नियमित मिशन के लिए उड़ान भरने के बाद शाम लगभग 7:42 बजे ग्राउंड कंट्रोल से अपना संपर्क खो बैठा।

वायु सेना ने विमान के लापता होने की पुष्टि करते हुए तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान का रडार संपर्क असम के कार्बी आंगलोंग जिले के पहाड़ी और घने जंगलों वाले इलाके में टूटा है।

स्थानीय निवासियों ने शाम करीब 7:00 बजे चोखिहोला क्षेत्र के पास एक तेज धमाके की आवाज सुनने और पहाड़ियों से धुआं उठते देखने का दावा किया है, जिससे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।

गुवाहाटी के डिफेंस पीआरओ ने पुष्टि की है कि स्थिति का आकलन करने और विमान का पता लगाने के लिए वायु सेना की एक विशेष टीम को तैनात किया गया है।

## भरण-पोषण न देने पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा आदेश, पति के वेतन से कटेगा 25,000 रुपये



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश में एक व्यक्ति के नियोक्ता को आदेश दिया है कि वह उसकी तनख्वाह से हर महीने 25,000 रुपये उसकी पत्नी और चार वर्षीय बेटी के भरण-पोषण के लिए काटे क्योंकि उसने स्वेच्छा से कोई राशि देने से इनकार कर दिया था।

यह आदेश जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने उस ट्रांसफर याचिका की सुनवाई के दौरान दिया, जिसे डिंपल ने अपने पति निशांत प्रविणभाई सोनी के खिलाफ दायर किया था। इसमें गुजरात के भुज-कच्छ में एक पारिवारिक अदालत में लंबित मामले के स्थानांतरण की मांग की गई थी। पीठ ने यह भी कहा कि 16 दिसंबर, 2025 को जारी एक पूर्व आदेश के बावजूद पति ने पत्नी और नाबालिग बेटी के यात्रा खर्च के लिए 25,000 रुपये जमा नहीं किए। शीर्ष न्यायालय ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पति ने हमारे आदेश का पालन नहीं किया।

पीठ ने कहा आज तक पति ने अपनी पत्नी या अपनी नाबालिग बेटी को एक भी पैसा नहीं दिया। उसने चार साल से अपनी नाबालिग बेटी को देखा तक नहीं। सुनवाई के दौरान पति ने हलफनामा पेश किया, जिसमें उसकी मासिक तनख्वाह 50,000 रुपये और वार्षिक आय छह लाख रुपये बताई गई।

## कौन हैं प्रगति और विकास जो घर-घर जाकर पूछेंगे सवाल? सरकार ने डिजिटल जनगणना की कर ली पूरी तैयारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 2027 जनगणना के लिए चार महत्वपूर्ण डिजिटल टूल्स लॉन्च किए। साथ ही जनगणना के मैस्कॉट के रूप में प्रगति (महिला) और विकास (पुरुष) को पेश किया।

ये दोनों मैस्कॉट प्रतीकात्मक रूप से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी को दर्शाते हैं। जनगणना के लिए डिजिटल टूल्स लॉन्च

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) द्वारा विकसित ये डिजिटल प्लेटफॉर्म दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना प्रक्रिया को सुचारू और आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित होगी। पहला चरण में हाउस-लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस होगा. 1 अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक चलेगा। इसके बाद फरवरी 2027 में दूसरा चरण होगा, जिसमें देश की आबादी की वास्तविक गिनती की जाएगी।

यह पहली बार होगा जब पूरी जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। गणनाकर्ताओं के घर-घर जाकर सर्वे शुरू करने से पहले, नागरिक 16 भाषाओं में ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) कर सकेंगे।

## पीएम मोदी ने फिनलैंड संग की रणनीतिक साझेदारी, यूक्रेन-पश्चिम एशिया में शांति की अपील



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यूक्रेन व रूस के बीच चार वर्षों से संघर्ष अभी जारी ही हैं कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति के बिगड़ने की आशंका के बीच पीएम नरेन्द्र मोदी ने फिर से यह अपील की है कि किसी भी विवाद का समाधान सैन्य टकराव से नहीं हो सकता और सभी पक्षों को संघर्ष के ÷शीघ्र समाप्त करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

गुरुवार को पीएम मोदी फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर के स्टब साथ वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। राष्ट्रपति स्टब ने भी संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का सम्मान करते हुए स्थायी शांति की आवश्यकता पर बल दिया और भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन दोहराया। मोदी ने भारत सरकार की पारंपरिक नीति को सामने रखते हुए कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के त्वरित समाधान और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। स्टब की यात्रा को यूरोपीय संघ और भारत के बीच संबंधों को तेजी से नये आयाम देने के संदर्भ में देखा जा रहा है।

भारत और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की सहमति बनी है। पिछले चार महीनों में यूरोपीय संघ के कई सदस्य देशों के प्रमुख भारत आ चुके हैं। मोदी ने कहा कि भारत और यूरोप के रिश्ते ÷स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

मोदी और स्टब के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कामगारों को अवसर देने, 6जी प्रौद्योगिकी, डिजिटलीकरण जैसे 11 अहम क्षेत्रों में समझौते हुए हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य भी रखा है।

## जनादेश के साथ विश्वासघात, बिहार में सत्ता परिवर्तन को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सूबे की राजनीति की बजाय अब राज्यसभा में भेजे जाने के एनडीए के फैसले को नेतृत्व का तख्ता पलट करार देते हुए भाजपा पर निशाना साधा है।

नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करने के बाद पार्टी ने इसे बिहार के लोगों के जनादेश के साथ बहुत बड़ा धोखा बताते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया और कहा कि जी-2 द्वारा यह सत्ता परिवर्तन किया गया है।

कांग्रेस ने नीतीश के राज्यसभा जाने को तख्ता पलट बताया- कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने एक पोस्ट में कहा बिहार के चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जो बात बार-बार कह रही थी, वही अब सच साबित हो गई है। जी-2 द्वारा रची गई साजिश के तहत बिहार में तख्ता पलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया गया है। कई मायनों में यह जनता के जनादेश के साथ बड़ा विश्वासघात है। जयराम ने कहा कि नीतीश के राज्यसभा में जाने के साथ ही भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाएगी और धीरे-धीरे जेडीयू को निगल जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के नेता भी हाईकमान के सुर में सुर मिलाते हुए नीतीश की विदाई के बाद सूबे में कांग्रेस के लिए भविष्य की उम्मीद जगने की संभावनाएं देखते नजर आए।

बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार झा ने कहा कि जनादेश के साथ धोखा किए जाने के पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की बात को हम प्रदेश के लोगों के बीच ले जाएंगे। उनके अनुसार इस घटनाक्रम ने साबित किया है कि भाजपा अपने पुराने साथी दलों का क्या राजनीतिक हश्र करती है और नीतीश कुमार के नामांकन के साथ ही जदयू के विघटन की शुरूआत की नींव पड़ गई है।

झा ने कहा कि राज्य की जनता को धोखे और प्रपंच की राजनीति नहीं चाहिए और इसलिए कांग्रेस के पास अब बिहार में विकल्प बनने का सुनहरा मौका है।

# रंगपंचमी गैर को लेकर आयुक्त का सघन निरीक्षण, सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी रंगपंचमी पर निकलने वाली पारंपरिक गैर यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने प्रातः 7 बजे टोरी कॉर्नर कुंड चौराहा से संपूर्ण गैर मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, संबंधित जोनल अधिकारी, भवन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गैर में शामिल होने वाले वाहनों की संभावित संख्या, मार्ग की वर्तमान स्थिति तथा मार्ग में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों और संरचनाओं का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां-जहां आवश्यकता हो, वहां सूचना बोर्ड लगाए जाएं और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े।

आयुक्त ने संपूर्ण गैर मार्ग पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत आवश्यक स्थानों पर बेरिकेडिंग किए जाने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर नियंत्रण कक्ष से सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग एवं संपर्क मार्गों की स्थिति का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने आवश्यक पैचवर्क एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजवाड़ा, गोपाल मंदिर एवं अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। तिरपाल से कवर किए गए कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन स्थलों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री सिंघल ने रंगपंचमी गैर संपन्न होने के पश्चात संपूर्ण गैर क्षेत्र, संपर्क मार्गों तथा शहर के प्रमुख स्थानों और बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाने की रूपरेखा की भी समीक्षा की। उन्होंने पर्याप्त संसाधन एवं कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर त्वरित और प्रभावी सफाई अभियान संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था अक्षुण्ण बनी रहे।

## महिला दिवस 8 मार्च को अधिकार, न्याय और कार्यवाही की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये अधिकार, न्याय, कार्यवाही ङ्क महिलाओं और बालिकाओं के लिए थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा। सचिव राज्य महिला आयोग के श्री सुरेश तोमर, सामुदायिक पुलिसिंग के डीआईजी श्री विनीत कपूर, महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी श्री अनिल कुमार, सेवानिवृत्त एडीजी प्रशिक्षण श्रीमती अनुराधा शंकर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा करेंगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सायबर वेलबीइंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के बीच एमओयू भी होगा।

## फरवरी 2026 में प्रि-डिपार्चर डिटेंशन में रतलाम मंडल रहा देश में प्रथम

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे के अंतर्गत आने वाले रतलाम मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम चरण में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। फरवरी 2026 में मंडल ने प्रि-डिपार्चर डिटेंशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेलवे के उन बड़े मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जहाँ प्रतिदिन 100 से अधिक मालगाड़ियों के लिए टीए जारी किए जाते हैं। इस उपलब्धि से पश्चिम रेलवे को गौरव प्राप्त हुआ है। यह सफलता मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व, परिचालन विभाग के कुशल मार्गदर्शन तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम मानी जा रही है। सामूहिक प्रयासों और सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली के चलते मंडल इस महत्वपूर्ण मुकाम तक पहुँच सका है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मंडल में क्रू बुकिंग प्रणाली को पूर्णतः आधुनिक बनाया गया है। क्रू बुकिंग में 100 प्रतिशत एफओआईएस-सीएमएस का एकीकरण सुनिश्चित किया गया है तथा बुकिंग केवल इंटीग्रेटेड एफओआईएस आईडी के माध्यम से की जा रही है। इसके साथ ही क्रू लॉबी की नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे क्रू को समय पर ड्यूटी के लिए भेजना और समय पर क्रू टीए उपलब्ध कराना संभव हो पाया है। पुट-बैक प्रक्रिया को भी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया गया है। रेलवे यार्डों में थ्रू ट्रेनों तथा इंजन परिवर्तन वाली ट्रेनों के लिए अलग-अलग सेगमेंटेशन की व्यवस्था लागू की गई है। इससे संचालन में होने वाली अनावश्यक देरी में उल्लेखनीय कमी आई है। मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार, क्रू के कार्य घंटों पर बेहतर नियंत्रण तथा प्रमुख यार्डों और क्रू बदलने के स्थानों पर कंजेशन में कमी भी इस सफलता के प्रमुख कारण रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप फरवरी 2026 में रतलाम मंडल ने मात्र 41 मिनट की प्रि-डिपार्चर डिटेंशन दर्ज करते हुए भारतीय रेलवे के प्रमुख मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जहाँ से प्रतिदिन 100 से अधिक ट्रेनों के लिए टीए जारी किए जाते हैं।

## झोन 2, 13 और 18 में सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर वेतन कटौती और जांच के आदेश

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने झोन क्रमांक 2, 13 एवं 18 के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



झोन क्रमांक 02 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 68 सिलावटपुरा एवं मुंबई बाजार क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं पाई गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित सीएसआई एवं क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाई। सफाई कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर वार्ड 68 के सहायक दरोगा विवेक धौलपुरे को हटाने तथा दरोगा मनीष पथरोड का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश अपर आयुक्त को दिए गए। साथ ही झोन 02 के सीएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए।

झोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 74 अंतर्गत मैकेनिक नगर, विष्णुपुरी एवं मां अहिल्या उद्यान का निरीक्षण भी आयुक्त द्वारा किया गया। विष्णुपुरी स्थित मां अहिल्या उद्यान में निरीक्षण के दौरान नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था एवं उद्यान में री-यूज पानी के कनेक्शन के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वार्ड क्रमांक 74 में निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर आयुक्त ने क्षेत्रीय सीएसआई अभिषेक तिवारी को निर्देशित किया कि हाजिरी रजिस्टर की जांच कर अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर आयुक्त स्वास्थ्य को भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

झोन क्रमांक 18 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 53 की कोहिनूर कॉलोनी, आजाद नगर एवं अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरे के स्थायी पॉइंट बनते पाए गए और सफाई व्यवस्था असंतोषजनक मिली। इस पर आयुक्त ने वार्ड दरोगा प्रवीण खरे को फटकार लगाते हुए उनका सात दिन का वेतन काटने के निर्देश अपर आयुक्त को दिए।

आयुक्त श्री सिंघल ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शहर की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जवाबदेह रहना होगा।

## होली खेलने के विवाद में इंदौर में युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में होली जैसे भाईचारे के त्योहार पर भी लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं। एक युवक की होली खेलने के विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना पालदा क्षेत्र की है। 20 वर्षीय युवक आदित्य जमरे की बुधवार दोपहर ही घर से कुछ दूर कुछ युवकों ने हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। मोहल्ले वालों ने पुलिस को बताया कि आदित्य का होली खेलने के दौरान अरुण नामक युवक से विवाद हुआ था। अरुण ने उसे चाकू मारे और भाग गया। आदित्य के दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने सिर पर वार किए थे। ज्यादा खून बहने के कारण आदित्य की मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि आदित्य एक निजी कंपनी में काम करता है और होली के दिन वह अपने दोस्तों के साथ बाहर खड़ा था। तभी उसका आरोपियों से विवाद हुआ था। पहले दोनों के बीच गाली-गलौज हुई और फिर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने चाकू से वार कर दिए। आदित्य मूल रूप से बड़वानी का निवासी है, लेकिन नौकरी के सिलसिले में वह इंदौर में रह रहा था। उसके दो भाई और एक बहन भी हैं। हत्या की जानकारी मिलने के बाद बड़वानी से भी परिजन इंदौर आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस सबूत एकत्र करने के लिए आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज भी देख रही है।

## बुजुर्गों को करायी जाएगी कामाख्या देवी की निःशुल्क तीर्थ यात्रा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले के बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रसिद्ध तीर्थ कामाख्या देवी की निश्शुल्क यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चयनित बुजुर्गों की यात्रा का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। यात्रा के लिए 16 मार्च तक स्थानीय निकाय में आवेदन जमा किए जा सकते हैं। तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन कामाख्या देवी तीर्थ के लिए 29 मार्च रविवार को इंदौर से रवाना होगी तथा यह ट्रेन 03 अप्रैल को वापस आएगी। इस तीर्थ यात्रा से कुल 279 बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। तीर्थ यात्रा में जाने वाले यात्रियों के लिए आवश्यक शर्तें- मध्यप्रदेश का मूल निवासी जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो और वह आयकरदाता न हो। साथ ही इस योजना के अंतर्गत पूर्व में कोई भी तीर्थ यात्रा न की हो। यात्रा के लिए नगर निगम क्षेत्र में झोनल कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन किए जा सकते हैं।

## इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इंदौर जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्ष 2025-2026 के दौरान अब तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। आज केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहा गया।



बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल सहित राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। इंदौर से इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये गए जल संवर्धन और जल संरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विगत 30 मार्च 2025 से अभियान की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार तथा निर्माण कार्यों को आमजन से जोड़कर विशाल जनभागीदारी का स्वरूप दिया गया। अभियान को जन आंदोलन बनाया गया। इंदौर जिले में युद्ध स्तर पर कुएँ, बावड़ी व तालाबों की सफाई व पुनरुद्धार का कार्य किया गया।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में किए गए जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया है। जिले में 879 खेत तालाबों का निर्माण किया गया। साथ ही 654 सोक पिट / रिचार्ज पिट बनाए गए। इंदौर में 25 हजार 741 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया। इसी तरह 8 पारंपरिक एवं अन्य जल निकायों / टैंकों का नवीनीकरण किया गया और 592 पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, गहरीकरण एवं सफाई के कार्य किए गए। जिले में 24 तालाब चैनलों की सफाई कराई गई और 285 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया गया। इन कार्यों के माध्यम से जिले में जल संरक्षण को मजबूत आधार मिला है और भू-जल स्तर बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा।

## सीवरेज चैंबर कांड ने उजागर की इंदौर नगर निगम की लापरवाही



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सबसे स्वच्छ शहर कहे जाने वाले इंदौर में सीवरेज चैंबर में दो कर्मचारियों की मौत ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना महज एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम में मौजूद लापरवाही की परतों को उजागर करती है।

जीपीएस न होने से निगरानी पर सवाल- नगर निगम के सभी सफाई वाहनों में रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए जीपीएस अनिवार्य है। इसके बावजूद संबंधित वाहन में जीपीएस नहीं लगा था। यदि ट्रैकिंग होती, तो वाहन के एक स्थान पर अनावश्यक खड़े रहने की सूचना तुरंत अधिकारियों तक पहुंच सकती थी। इससे समय रहते हस्तक्षेप संभव था। जांच में यह भी सामने आया कि उपयोग में लाया गया वाहन 20 वर्ष से अधिक पुराना था। अधिकारियों का कहना है कि नई योजना के तहत नए वाहन खरीदे जाने हैं, लेकिन तब तक पुराने वाहनों से ही काम चलाया जा रहा है। सवाल यह है कि क्या सुरक्षा से समझौता उचित है।

मृतकों के परिजनों ने अर्थियां रखकर प्रदर्शन किया और एक करोड़ रुपये की सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।

## इंदौर में डेढ़ साल की मासूम की पानी के गड्ढे में डूबने से मौत, खेलते-खेलते गिर पड़ी थी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** डेढ़ वर्षीय एक मासूम की पानी से भरे चार फीट के गड्ढे में गिरकर डूबने से मौत हो गई। बच्ची खेत में खेल रही थी और पानी के लिए खेत में एक गड्ढा खोदा गया था। खेलते-खेलते बच्ची गड्ढे तक पहुंच गई। गड्ढे के आसपास पाल नहीं थी। बच्ची का संतुलन बिगड़ा और वह पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। घटना के समय खेत में बने घर में मां और दादी थी। मां खाना बना रही थी। जब उन्हें घर के बाहर बच्ची नहीं दिखाई दी तो दादी उसे खोजने निकली थी।



यह घटना इंदौर के समीप खुडैल क्षेत्र में हुई। डेढ़ साल की बच्ची रजनी पिता संदीप निवासी तिल्लौर को गड्ढे में रजनी औंधे मुंह गिरी थी। उसे गड्ढे से निकाल कर पहले परिजन गांव के अस्पताल में ले गए, लेकिन पुलिस केस होने के कारण अस्पताल प्रबंधन ने उसे एमवाय अस्पताल में रैफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के समय मां घर में ही थी और खाना बना रही थी, जबकि दादी पास में काम कर रही थी। रजनी माता-पिता की इकलौती संतान थी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के फेफड़ों में पानी भर चुका था।

दादी को जब रजनी घर से बाहर नहीं मिली तो वह उसे खोजने निकली। खेत में बने

## इंदौर एयरपोर्ट के पास सूखी झाड़ियों में लगी विकराल आग, आधा किलोमीटर दूर से दिख रही थीं लपटें

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में देवी अहिल्याबाई विमानतल परिसर के समीप खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आधा किलोमीटर दूर से आग की लपटें और धुंआ नजर आने लगा था। एयरपोर्ट के पीछे काफी मात्रा में सूखी झाड़ियां लगी हुई हैं। उसी में आग लग गई थी।



यह घटना बुधवार शाम करीब सात बजे हुई। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दो दमकल मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना कुछ दिनों पहले भी हो चुकी है। सूखी झाड़ियां होने के कारण इस हिस्से में आग तेजी से फैलती है। खेत से कुछ दूरी पर विमानतल परिसर भी था, इसलिए आग पर जल्दी काबू पा लिया गया। आग कैसे लगी, इसकी जांच भी की जा रही है। आग के कारण जनहानि नहीं हुई, लेकिन उसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पिछले माह एयरपोर्ट रोड पर वन विभाग की जमीन पर भी आग लग चुकी है। आग सूखी घास में लगी थी, लेकिन उसकी चपेट में वे हजारों पौधे भी आ गए। जिन्हें पिछले वर्ष वन विभाग ने हरियाली महोत्सव के तहत लगाया गया था।

वहीं इस घटना को लेकर एक अन्य मजदूर ने कहा, हमें भी नहीं पता कि यह सब कैसे हुआ। हम सब काफी देर से चिंतित हैं और हमने सबको फोन किया है... हमें अभी यह भी नहीं पता कि आग कितनी फैल चुकी है।

## रंगपंचमी पर इंदौर की गेर देखने छतें होंगी बुक, टिकट से मिलेगा रंगों का नजारा; जानें कब निकलेगी?

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर की रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर शहर का एक अनोखा और खास त्योहार है। इस दिन पुराने शहर के इलाकों में रंगों के शौकीन बड़ी संख्या में गेर में शामिल होते हैं और रास्ते में खड़े लोगों पर रंग बरसाते हुए आगे बढ़ते हैं।



गेर के दौरान आसमान में दूर-दूर तक रंगों के बादल छा जाते हैं। इन खूबसूरत नजारों का आनंद लेने के लिए इस बार भी शहर के लोग गेर वाले मार्गों पर स्थित मकानों की छतें बुक कर सकेंगे और अपने परिवार के साथ इस आयोजन का मजा ले पाएंगे। प्रशासन ने पिछले साल भी यह व्यवस्था की थी, जो काफी सफल रही थी।

शीतला माता बाजार से लेकर गौराकुंड और खजूरी मार्केट तक की छतों से लोग गेर की रौनक देख सकेंगे। हर साल इस आयोजन को देखने के लिए दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग इंदौर पहुंचते हैं। जिनके घर गेर के मार्ग पर पड़ते हैं, वहां अब छोटी-छोटी पार्टियों का भी आयोजन होने लगा है, जहां लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को बुलाकर रंगपंचमी का उत्सव मनाते हैं। इस साल गेर के मार्ग पर स्थित आठ छतों पर 200 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इनकी बुकिंग बुक माय शो के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए लोगों को टिकट खरीदना होगा।

इस बार 8 मार्च को रविवार होने के कारण प्रशासन ने अलग से छुट्टी घोषित नहीं की है। रविवार होने की वजह से इस बार गेर में और अधिक भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। करीब चार किलोमीटर लंबे गेर मार्ग पर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिजली के तार और केबल हटाए जा रहे हैं, साथ ही सड़कों की मरम्मत का काम भी किया जा रहा है।

परंपरा के अनुसार इस बार भी चार गेर इस जुलूस का हिस्सा होंगी। लगभग 100 फीट तक रंग फेंकने वाली विशेष रंग मिसाइलें भी तैयार की जा रही हैं। इसके अलावा डीजे और भजन मंडलियां भी गेर में शामिल होंगी।

## सिंहस्थ से पहले इंदौर में एमआर-12 बनाने में बस्ती बनी रुकावट, अब तक नहीं निकला कोई समाधान

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मास्टर प्लान की प्रमुख सड़कों में शामिल एमआर-12 का निर्माण लंबे समय से इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) द्वारा किया जा रहा है। बायपास से उज्जैन रोड तक नौ किमी लंबी सड़क के निर्माण में कई बाधाएं हैं, जिनका समाधान अब तक नहीं निकल सका है। सबसे बड़ी बाधा कांकड़ पर बसी बस्ती का है, जहां पर करीब दो हजार परिवार रहते हैं।



इनको हटाने के लिए प्रधानमंत्री आवास-2 योजना के तहत फ्लैट बनाकर स्थानांतरित किया जाना है, लेकिन इमारत के निर्माण में ही दो साल से अधिक समय गुजर जाएगा। ऐसे में बस्ती को स्थानांतरित करने का प्रारंभिक समाधान खोजना होगा, जो अब तक नहीं निकाला गया है। 9 किमी लंबी सड़क बायपास से एबी रोड और उज्जैन रोड की सीधी कनेक्टिविटी के लिए एमआर-12 का निर्माण किया जाना है। नौ किमी लंबी इस सड़क में एक आरओबी और एक पुल का निर्माण भी होना है। 60 मीटर चौड़ी यह सिंहस्थ 2028 में सर्वाधिक उपयोगी होगी और वाहनों को बगैर शहर में प्रवेश किए सीधी कनेक्टिविटी देगी। दिल्ली, ग्वालियर, भोपाल से आने वाला सारा यातायात एमआर-12 होते हुए उज्जैन रोड पहुंच सकेगा।

# मुख्यमंत्री ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की तैयारियों की समीक्षा

## प्लास्टिक की पानी की बोतलों के उपयोग को हतोत्साहित करने के दिए निर्देश

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यक्रमों एवं कार्यालयों में प्लास्टिक की बोतलों के उपयोग को हतोत्साहित किया जाए तथा पारंपरिक जल संग्रहण के साधन 'मटके' को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक में आगामी जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी कलेक्टरों को सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस योजना में खेत, तालाब, कूप रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे जल संरक्षण के कार्यों को व्यापक स्तर पर शामिल करने पर जोर दिया गया।




मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने संकल्प से समाधान कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि इसकी दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल भी उपस्थित थे। इस दौरान जल संचयक्ङजन भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा मुख्यमंत्री डॉ.यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल द्वारा की गई। बैठक में बताया गया कि जल संरक्षण कार्यों में म.प्र.में अच्छा कार्य हुआ है।

नीमच के एन.आई.सी.कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन, जिला अधिकारी, सभी सीएमओ भी उपस्थित थे।

# भेद ज्ञान से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव- पण्डित निखिल शास्त्री



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां पर 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिंगोली में अष्टान्हिका पर्व के उपलक्ष पर मुंबई से पधारे श्री निखिल जी शास्त्री द्वारा प्रातः एवं रात्रि दोनों समय स्वाध्याय सभा का आयोजन किया जा रहा है।

प्रातः काल समयसार के मोक्ष अधिकार पर चर्चा करते हुए आदरणीय निखिल जी ने बताया कि मोक्ष न तो मात्र बंध की जानकारी करने से होता है और न हीं विचार करने से होता है। बल्कि मोक्ष तो आत्मा एवं बंध के द्विधा करण से होता है। और यह कार्य आत्मा स्वयं करती है। एवं इसे करने का साधन प्रज्ञा छेनी (बुद्धि)है। इस बुद्धि को आज तक के हमने पर द्रव्यों, परलक्ष्य में लगा कर रखा है। इसको अपने स्वलक्ष्य में लगाना हे । लेकिन आत्मा और बंध मेंअत्यंत निकटता होने के कारण इसे कैसे पहचाने इसके जवाब में आपने बताया कि इनके निश्चित लक्षणों के द्वारा इन्हें पहचान कर प्रज्ञा छेनी उनकी अंतसंधि पर पटकने से यह कार्य हो सकता है। निश्चित स्व लक्षणों में जीव का लक्षण चैतन्यता एवं बंध का लक्षण रागादि बताया। अतः इन लक्षणों को पहचान कर इन पर प्रज्ञा छेनी का सावधानी पूर्वक प्रयोग करके मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है।

यह जानकारी देते हुए नवीन जैन ने बताया कि इसी क्रम में रात्रि के समय जैन पांडव पुराण का आयोजन भी रात्रि 8ः00 बजे से 9ः30 बजे तक चल रहा है।

# दलौदा पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, रंगे हाथों दबोचा, तीन बाइक बरामद

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना पुलिस के हत्थे एक बाइक चोर चढ़ा है, जिसे रंगे हाथों दबोचने का हवाला दिया गया है। चोर से चुराई गई तीन बाइक बरामद की गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी दलौदा शुभम व्यास के नेतृत्व में की गई।



घटना अनुसार थाना दलौदा क्षेत्र से विगत कुछ दिनों में दो पहिया वाहनो की चोरी हो जाने की घटना के संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बाद थाना प्रभारी व्यास द्वारा गठित टीम को रवाना कर घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्र कर तथा आरोपी की संभावित स्थानो पर तलाश करते विश्वश्नीय मुखबीरो से सूचना संकलन कर अपने व्यवसायिक कौशल का उपयोग कर आरोपी विक्रम उर्फ हवलदार पिता रामबीर सिंह बंजारा उम्र 26 साल निवासी थाना डोलना जिला काशीरामनगर उत्तरप्रदेश हाल मुकाम डोसी बिल्डिंग अभिनंदन नगर के पास मंदसौर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 03 मोटर साइकिल को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। इस सराहनीय कार्य में उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा, प्र.आर. दीपेन्द्रसिंह, आर कुलश्रेष्ठसिंह, आर विजेन्द्रसिंह शामिल रहे।

# वीर हनुमान यात्रा की तैयारियो को लेकर बैठक, नगर भ्रमण पर पहली बार निकलेंगे तलाई वाले बालाजी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान हनुमानजी जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नगर में तलाई वाले बालाजी की भव्य वीर हनुमान यात्रा 1 अप्रेल को निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों और आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए नगर के गणमान्य जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक 7 मार्च शनिवार को शाम 6.30 बजे रूद्राक्ष माहेश्वरी भवन, नयापुरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं भागवत प्रवक्ता आचार्य देवेंद्र शास्त्री सहित धर्माचार्य उपस्थित रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

समिति के अनुसार इस वर्ष पहली बार तलाई वाले बालाजी नगर भ्रमण पर पधारेंगे। बालाजी के विग्रह को आकर्षक रथ में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गो से यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को भव्य बनाने के लिए पूरे मार्ग की विशेष सज्जा की जाएगी तथा विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच और स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। इसके साथ ही मार्ग को भगवा पताकाओं से सज्जित किया जाएगा। वीर हनुमान यात्रा समिति ने आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं, समाजजनों और गणमान्य नागरिकों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है। समिति के अनुसार वीर हनुमान यात्रा तलाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, बड़े बालाजी बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, घंटाघर, शुक्ला चौक, नयापुरा, काला खेत और दया मंदिर रोड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा बालाजी की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

# कल सुरक्षा की जिम्मेदारी, आज जश्न की बारी, नीमच में पुलिसकर्मियों की रंगारंग होल...




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जब पूरी दुनिया होली के त्योहार पर अपने घरों में खुशियाँ मना रही थी तब नीमच पुलिस के जवान सड़कों पर मुस्तैदी से हमारी सुरक्षा में तैनात थे। इसी कर्तव्यपरायणता के चलते अपनी होली कुर्बान करने वाले इन खाकी वर्दीधारियों ने आज होली के अगले दिन पुलिस ने जमकर जश्न मनाया। आज नीमच पुलिस और विभिन्न थानों का नज़ारा बदला-बदला था। अनुशासन की बेड़ियों को किनारे रख जिले के आला अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक के सभी जवान एक ही रंग में रंगे नज़र आए। ढोल-नगाड़ों की गूँज और गुलाल के बादलों के बीच पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी। कैसे तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच ये जवान अपनी थकान भूलकर फिल्मी गानों और लोकगीतों पर झूम रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर डांस किया, जो पुलिस विभाग के भीतर मज़बूत भाईचारे और टीम भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि साल भर की चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बाद यह एक ऐसा दिन होता है जब पूरा पुलिस परिवार तनावमुक्त होकर उत्सव मनाता है। यह जश्न हमें नई ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करने की प्रेरणा देता है।

# कलेक्टर द्वारा अवैध परिवहन के 4 प्रकरणों में 6 लाख से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के चार प्रकरणों में कुल 6 लाख 7 हजार 552 की शास्ति अधिआरोपित की गई हैं। कलेक्टर श्री चंद्रा ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक देवीलाल पिता नारायणलाल निवासी ईटावा जिला चित्तोडगढ़ द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 45000 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 4 लाख रूपये इस प्रकार कुल 4 लाख 45 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। कलेक्टर ने अन्य प्रकरण में अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक शुभम पिता उमेश जायसवाल निवासी डगला का खेड़ा जिला चित्तोडगड द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 12195 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 92 हजार 857 रूपये इस प्रकार कुल एक लाख 5 हजार 52 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक दिनेश पिता मुकेश नागदा निवासी खानखेड़ी मनासा जिला नीमच द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28 हजार 750 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक अर्जुन पिता गोपाल गुर्जर निवासी पिपलियाखुर्द मनासा जिला नीमच द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28 हजार 750 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। खनिज विभाग द्वारा खनिज का अवैध परिवहन पाए जाने पर, प्रकरण पंजीबद्ध कर, कलेक्टर न्यायालय नीमच में प्रस्तुत किया गया था।

# नेवड़ की पेयजल समस्या निराकरण के लिए ग्रामीणों द्वारा स्थाई लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत नेवड़ के नागरिकों द्वारा ग्राम में पेयजल संकट एवं सार्वजनिक शौचालय की कमी की समस्या को लेकर लोक उपयोगी सेवाओं हेतु गठित स्थाई लोक अदालत, नीमच में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक उपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत के माध्यम से आम नागरिक बिजली, पानी, परिवहन, डाक सेवा, दूरसंचार, स्वच्छता व्यवस्था, अस्पताल सेवा, सार्वजनिक मल-प्रबंधन तथा अन्य लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित एवं सरल समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इन मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया सरल होती है तथा पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त करने में सुविधा होती हैं। नीमच में गठित लोक उपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार शर्मा हैं। जिनके मार्गदर्शन में नागरिकों को लोक उपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# सीहोर की बेटियां और महिलाएं दिखाएँगी अपना दम

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 09 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की अस्मिता पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में 13 वर्ष अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग ले सकती हैं। इच्छुक महिला प्रतिभागी ह्स्न्न्र पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकती हैं जिसके लिए उन्हें इस पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणित करना होगा। विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# अफीम किसानों की सुविधा के लिए विधायक विपिन जैन ने आयुक्त उप नारकोटिक्स नीमच को लिखा पत्र



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर विधायक विपिन जैन ने अफीम किसानों की समस्याओं को देखते हुए आयुक्त उप नारकोटिक्स , नीमच को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में अफीम की फसल पककर तैयार होने की स्थिति में है और जल्द ही डोडा तोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी।

विधायक श्री जैन ने पत्र में उल्लेख किया है कि गत वर्ष नारकोटिक्स विभाग द्वारा आदेश जारी कर सीपीएस पद्धति के अंतर्गत लाइसेंस (पट्टा) धारक किसानों को यह सुविधा दी गई थी कि वे निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्वयं डोडा तोड़कर मुखिया की उपस्थिति में उसका वजन दर्ज करवा सकते हैं। इससे किसानों को काफी सुविधा मिली थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान का डोडा नहीं टूटता, तब तक उसे खेत पर लगातार रखवाली करनी पड़ती है। कई बार विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे किसानों को डोडे की चोरी का भय बना रहता है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विधायक जैन ने उप नारकोटिक्स आयुक्त से अनुरोध किया है कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसानों को यह अधिकार दिया जाए कि वे मुखिया की उपस्थिति में स्वयं डोडा तोड़कर उसका वजन दर्ज करवा सकें । उन्होंने इस संबंध में शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# वनक्षेत्र में अवैध कराई, अवैध उत्खनन एवं वनभूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम के लिए

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले के वनक्षेत्रों में अवैध कटाई, और अवैध उत्खनन एवं वनभूमि पर अतिक्रमण की प्रभावी रोकथाम हेतु जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स की बैठक गत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, डीएफओ श्री एस.के.अटोदे उपस्थित थे। बैठक में डीएफओ श्री एस.के.अटोदे ने अवगत कराया, कि नीमच वनमण्डल के अन्तर्गत अवैध कटाई की विशेष समस्या नहीं है। यदाकदा छुटपुट निस्तारी चोरी के प्रकरण प्रकाश में आते रहते हैं। जिनका विभाग द्वारा नियमानुसार निराकरण समय-समय पर किया जाता हैं। कलेक्टर ने अवैध कटाई का कोई भी प्रकरण प्रकाश में आने पर कठोर कार्यवाही कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया, कि नीमच वनमण्डल के अन्तर्गत 23 संरक्षित वनखण्डों रकबा 28943.473 हैक्टेयर में से 18 वनखण्डों को भारतीय बन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अधीन आरक्षित वन बनाये जाने हेतु वर्ष 1988 वर्ष 2021 एवं वर्ष 2025 में अधिसूचित किया जा चुका हैं। उपरोक्त 18 वनखण्डों में से 08 वनखण्डों में वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा धारा 06 की उद्घोषणा जारी की जा चुकी है तथा अवशेष 10 वनखण्डों में उद्घोषणा जारी करने हेतु वनव्यवस्थापन अधिकारी नीमच, जावद एवं मनासा को एवं समस्त 18 वनखण्डों के वनव्यवस्थापन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गऐ। बैठक में बताया, कि वर्तमान में अवैध उत्खनन के कोई भी प्रकरण उक्त क्षेत्र में प्रकाश में नहीं आये हैं अवैध उत्खनन के प्रकरणों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों से परिप्रेक्ष में समुचित सावधानी बरती जा रही है। कलेक्टर ने वनक्षेत्र में किन्हीं भी परिस्थितियों में अवैध उत्खनन नहीं होने देने के संबंध में निर्देश दिये। आरक्षित वनखण्ड लासूर की अधिसूचना में उल्लेखित 13 ग्रामों के अंतर्गत आने वाले सर्वे नंबरों एवं रकबे का वर्ष 1920 की मिसल बंदोबस्त से वर्तमान तक मिलान कर सर्वे एवं रकबेवार सूची तैयार की जाकर सर्वे सीमांकन कर मौके अनुसार मानचित्र तैयार करने हेतु वन एवं राजस्व विभाग का संयुक्त सर्वे दल का गठन किया गया हैं। कलेक्टर ने उपरोक्त कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश राजस्व वन अधिकारियों को दिए हैं।

# पेट्रोलियम सचिव मिश्रा ने पीएमश्री स्कूल बूढ़ा एवं केंद्रीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सचिव पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड भारत सरकार अंजन कुमार मिश्रा ने गुरुवार को पीएमश्री शासकीय कन्या हाई स्कूल बूढ़ा तथा केंद्रीय विद्यालय मंदसौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर कलेक्टर अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सचिव मिश्रा ने स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स लैब का निरीक्षण करते हुए प्रयोगों की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से पढ़ाई और प्रयोगात्मक कार्यों के संबंध में चर्चा की। कंप्यूटर कक्ष में विद्यार्थियों द्वारा की जा रही कोडिंग के बारे में भी जानकारी ली और आधुनिक तकनीक के उपयोग को सराहा। उन्होंने बच्चों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में भी चर्चा करते हुए शिक्षा में इसके महत्व को समझा। उन्होंने खेल एवं क्रीड़ा कक्ष का अवलोकन कर बच्चों को खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि स्कूल को फिट इंडिया अभियान से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि विद्यार्थी नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय, संगीत कक्ष, हर्बल गार्डन तथा स्कूल परिसर का भी भ्रमण किया। हर्बल गार्डन में पौधों की टैगिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई और मिड-डे मील की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। किचन शेड में भोजन बनाने वाले कुक से चर्चा कर भोजन के मीनू और डाइनिंग व्यवस्था की जानकारी ली।

# दलौदा में जल जीवन मिशन का काम रोकना उचित नहीं

## पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने जल जीवन मिशन महाप्रबंधक को लिखा पत्र



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दलौदा में इस आधार पर की निकट भविष्य में यह नगर परिषद बनने जा रही है, इसलिए जल जीवन मिशन का काम रोका जाना कदापि उचित नहीं है। यह बात पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कही।

श्री सिसौदिया ने कहा कि विषय के संदर्भ में मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दलौदा में लंबे समय से जल जीवन मिशन के अंतर्गत नागरिकों की पेयजल आपूर्ति को लेकर कार्य निरंतर प्रगति पर है। पानी की टंकी लगभग बनकर पूर्णता की ओर है, मुख्य पेयजल पाइप लाइन भी डाली जा चुकी है, योजना के अंतर्गत आंतरिक पाइप लाइन डाले जाने का काम शेष बचा हुआ है। अब तक योजना पर काफी धनराशि खर्च हो चुकी है। ग्राम के नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुझे अवगत कराया है कि एजेंसी ने यह कहकर काम रोक दिया है कि निकट भविष्य में दलौदा नगर परिषद बनने जा रही है, इसलिए इस कार्य को यही रोका जाता है, यह तर्क दिया जाना कदापि उचित नहीं है, क्योंकि योजना बन चुकी है, तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी हो चुकी है, बजट का आवंटन हो चुका है, विकास निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। श्री सिसौदिया ने कहा कि दलौदा की नगर परिषद के गठन एवं आगामी चुनाव को लेकर अभी प्रक्रिया विचाराधीन है, जबकि जल जीवन मिशन का दलौदा में कार्य ग्राम पंचायत दलौदा के आधार पर स्वीकृत हुआ है। विभाग के द्वारा सारी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए ठेकेदार निर्माण एजेंसी को कार्य का ठेका भी दिया जा चुका है, ऐसे में सिर्फ यह कह देने से की दलौदा पंचायत की जगह परिषद में तब्दील होने वाली है इसलिए यह कार्य यही रोक दिया जाता है, न्याय संगत नहीं है। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि लोकहित में, जनहित में, पेयजल की आपूर्ति के लिए इस कार्य को निर्बाध रूप से निरंतर जारी रखें जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट और फॉरवर्ड पर प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में सामाजिक सौहार्द एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अंशुल गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट, क्रॉस कमेंट, लाइक तथा ऐसे संदेशों की फॉरवर्डिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

# अनूठा प्रदर्शन : कांग्रेस नेताओ ने किसानों के साथ खेत में दूध बुआई का कार्य शुरू किया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के दूध का रकबा बढाने की बात को लेकर प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला कांग्रेस के सचिव नागेश्वर चौहान, गोपाल भारती आदि ने किसानों के साथ गुरुवार को किसानों के साथ खेत में जाकर दूध की उच्च क्वालिटी की थैलियों को लाकर उसकी बुआई कर अनूठा प्रदर्शन कर रकबे बढाने की बात की हसी उड़ाई।

इस मौके पर कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि दूध का रकबा नही होता है यह तो गाय, भेस, बकरी पालने से होता है। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने इस मौके पर कहा कि आज किसान काफी परेशान है उसे किसी भी उपज के वाजिब दाम नही मिल रहे है और मुख्यमंत्री जी किसानों का मजाक बना रहे है।

इस मौके पर टिंकू बना, श्यामलाल विश्वकर्मा, ममता, चेतना, साबुबाई, कांवेरीबाई, दशरथ, नरेंद्र, जगदीश पडियार, ताराचन्द बावरी, पप्पू भाई, शंभूलाल विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## सम्पादकीय

### अमेरिका ईरान इजरायल महायुद्ध खोमेनेई की हत्या के बाद हिंसा का काला अध्याय

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध ने मानवता की हत्या की तबाही मचाई हुई है। अरबो अरबो रुपए का नुकसान और लगभग 3000 लोगों की मौत ने दुनिया को वैश्विक युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दियाह ईरान के अयातुल्लाह घूमने की हत्या ने अमेरिका और इजरायल की मनमानी को विश्व के सामने एक भयानक तस्वीर लाकर खड़ी कर दी जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं।

धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नहीं होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65त्न 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्हीं भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा।

आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर भारतीय समाज में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समक्ष समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू ,मुस्लिम,सिक्ख,इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है।

### कलियुग में ईश्वर पाने के इच्छुक साधकों से निर्मित है सहज योग परिवार



ईश्वर को पाने की तीव्र इच्छा (दाह) ही सच्ची भक्ति है, जो निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और निरंतर साधना से पूरी होती है। इसके लिए अहंकार त्यागकर, सांसारिक मोह कम करके, निष्काम कर्म और सेवा के माध्यम से स्वयं को शुद्ध करना आवश्यक है। यह प्रेम, ज्ञान और ध्यान का एक ऐसा मार्ग है जो अंततः ईश्वर से साक्षात्कार कराता है ईश्वर से आत्मा के इस मिलन? को आत्मसाक्षात्कार कहते हैं।

सच्चा मंदिर हमारा अंतर्मन है, ईश्वर को पाना है तो अंतर्मन को शुद्ध कर आत्मा बनना होगा। आत्मा का निवास हममें है, ईश्वर की खोज बाहर नहीं, भीतर से शुरू होती है। यदि वास्तव में ईश्वर को पाना है, तो पहले अपने जीवन को इतना शुद्ध और निर्मल बनाना होगा कि उसमें ईश्वर की झलक स्पष्ट दिखाई दे। हम प्रायः ईश्वर को मंदिरों, मूर्तियों या तीर्थस्थलों तक सीमित कर देते हैं और मानते हैं कि वहीं से ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। यह एक आसान प्रयास है। हम ईश्वर को एक ही स्थान पर या एक ही प्रतिमा में देखना चाहते हैं और ईश्वरीय अनुभूति ना होने पर यह मान लेते हैं कि यही हमारा भाग्य है। परंतु सत्य यह है कि ईश्वर सर्वत्र हैं, हर स्थान हर जगह पर है उसे पाने के लिए यात्रा नहीं शुद्ध इच्छा करनी है, सही विधि ढूंढनी है और सही मार्गदर्शक गुरु तक पहुँचना है।

सहज योग परिवार के सदस्य इसी शुद्ध इच्छा के साथ सहज योग की सीढ़ी तक पहुँचे, जहाँ परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी की ध्यान विधि ने उन्हें आत्मिक उत्थान दिया उनके लिए आत्मसाक्षात्कार का द्वार खोला। सहज योग ध्यान धारणा बहुत सहज है, सरल है और सबसे आसानी से समझ में आ जाती है।

हमारे अंदर स्थित सर्पाकार कुंडलिनी शक्ति के जागृत होते ही प्रकृति के पांचों तत्वों से हमारे जुड़े रहने का ज्ञान हमें प्राप्त होता है और यही पंचतत्व हमारे सात चक्र और तीनों नाड़ियों की जागृति व संतुलन में हमारे सहायक बनते हैं। अब परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी हमारी मां बन जाती है और हम स्वयं के गुरु बन जाते हैं। आत्मज्ञान पाने की आकांक्षा हमें स्वयं के गुरु पद तक पहुँचा देती है और ईश्वर के साम्राज्य की अधिकारी भी बना देती है। नियमित ध्यान धारणा सहज योग के नियम हैं। ईश्वरीय चैतन्य के हाथों से, सिर के तालु भाग से प्रवाहित होते ही हम निर्विकार अवस्था को प्राप्त करते हैं। निर्विकल्प समाधि की अवस्था में हम ब्रम्हांडीय मौन में रहते हैं, ईश्वर के साम्राज्य के साक्षी होते हैं।

# तेल, तनाव और विकास दरः 'युद्ध-भय' का भारतीय परिदृश्य

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुँचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है–निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और आम उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया और आर्थिक उदारीकरण का द्वार मजबूरी में खुला। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुँचा, महंगाई 7 प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा–कहीं दूर युद्ध, और यहाँ विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति शृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहाँ से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था–जहाँ महंगाई काबू में और विकास संतुलित था–अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महँगा होता है तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है; यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण–चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता–अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है तो विदेशी ऋण महँगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महँगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है–ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पाँच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुँच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएँ पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है। आखिर हर संकट अपने भीतर समाधान का बीज भी छिपाए रहता है। यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा। अन्यथा हर वैश्विक टकराव हमारी अर्थव्यवस्था की नसों पर दबाव बनाता रहेगा। यह सिंड्रोम चेतावनी भी है और अवसर भी–चुनाव हमारा है कि हम भय में सिमटें या उसे नीतिगत सुधार की शक्ति में रूपांतरित कर दें।

**-प्रो. आरके जैन**

### परमाणु रिसाव हुआ तो

ईरान युद्ध में परमाणु रिसाव के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का मानना है कि अमरीका और इजरायल जिस तरह बमबारी कर रहे हैं, मिसाइल-ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं, उनसे परमाणु केंद्रों पर चिंताजनक स्थितियां बनती जा रही हैं। हालांकि अभी आईएईए ने किसी भी तरह के परमाणु विकिरण की पुष्टि नहीं की है और न ही ऐसे संकेत हैं, लेकिन परमाणु रिसाव की संभावनाओं से इंकार भी नहीं किया है। आईएईए ने आपात बैठक भी की है, क्योंकि ईरान के राजनयिक रेजा नजाफी ने दावा किया था कि अमरीकी-इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया है, जबकि उन केंद्रों में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम किया जा रहा है। अब बमबारी के बाद परमाणु रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। आईएईए ने ईरान सरकार के संबद्ध अधिकारियों से बात की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि परमाणु विकिरण फैल सकता है। यदि परमाणु रिएक्टर 'मेल्टडाउन' हुआ, तो 10 करीबी देशों में भी परमाणु खतरा पैदा हो जाएगा। फारस की खाड़ी में भी विकिरण पहुंचेगा और बड़े स्तर पर पानी जहरीला और जानलेवा हो सकता है। जलीय जीव तो मरेंगे ही, उनके अलावा मनुष्य में कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का ज्यादा विस्तार होगा। यदि ईरान के परमाणु केंद्रों से रिसाव शुरू हुआ, तो सभी खाड़ी देश उसके दायरे में होंगे। कई अरब देशों के परमाणु रिएक्टर खतरनाक स्थितियों में हैं। ईरान ही नहीं, इराक, सीरिया, बहरीन, कुवैत आदि देशों में भी परमाणु साइट्स हैं।

क्या वे परमाणु कार्यक्रम उन देशों के अपने और घोषित, वैध कार्यक्रम हैं अथवा अमरीका के परमाणु उपनिवेश हैं? यह दायित्व आईएईए का है। अमरीका ने इन देशों के परमाणु केंद्रों पर आपत्ति दर्ज नहीं की और न ही किसी हमले की धमकियां दीं!

क्या ये 'संहारी संयंत्र' नहीं हैं? अलबत्ता आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा है कि हमारे पास ऐसे किसी हमले की जानकारी नहीं है। फिर आपात बैठक में क्या विमर्श किया गया? फिर अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने चिंताजनक स्थितियां किस आधार पर आंकी थीं?

अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने फिर दोहराया है कि ईरान परमाणु बम बनाने में जुटा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का बयान भी सामने आया है कि हम परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाएंगे। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के बयान आए थे कि वे यूक्रेन को परमाणु हथियार मुहैया कराने पर विचार कर रहे हैं।

ये बड़े देश विनाश की ओर अग्रसर क्यों हो रहे हैं? इस संदर्भ में गौरतलब है कि ओमान की मध्यस्थता से जिनेवा में अमरीका और ईरान के बीच बातचीत के जो दौर हुए थे, उनमें ईरान यूरेनियम संवर्द्धन को 3-5 फीसदी तक कम करने को तैयार हो गया था। उस स्थिति में ईरान परमाणु बम नहीं बना सकता। आईएईए का एक अनुमान है कि यदि ईरान के इस्फहान, नतांज, बुशहर परमाणु संयंत्रों से विकिरण की नौबत आ गई, तो कमोबेश 20 देशों के करीब 51 करोड़ लोग उस खतरे के दायरे में होंगे।

**-धनंजय राजौरा**

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से ÷सुशासन पुरुष÷ के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे ÷जनादेश के साथ खिलवाड़÷ और ÷राजनीतिक समझौते की राजनीति÷ करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है। दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा।

**– ललित गर्ग**

# महिलाओं के लिए रोल मॉडल और प्रेरणा-स्रोत हैं विश्व बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस. अनुकृति

(अपनी शिक्षा के दौरान भारत सरकार का नेशनल अवार्ड, अमेरिका की जीई फंड स्कॉलरशिप, विकरी और हैरिस अवार्ड तथा कोलंबिया विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली डॉ. एस. अनुकृति को वर्ल्ड इकोनॉमेट्रिक सोसाइटी का प्रथम यंग रिसर्चर अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) की फैलो रह चुकी डॉ. अनुकृति वर्तमान में कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (अमेरिका) तथा इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स, बोन (जर्मनी) की फैलो हैं। भारत और अमेरिका के अतिरिक्त कनाडा, पेरू, पोर्टोरिको, बरमूडा, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्वीडन, चीन, हांगकांग, सिंगापुर, बंग्लादेश, केन्या और इथोपिया सहित बीस से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी हैं। डॉ. अनुकृति डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स की विशेषज्ञ हैं तथा लगभग डेढ़ दशक पूर्व, विश्वबैंक की सलाहकार रहते हुए, लैंगिक समानता, विश्व में महिलाओं की आर्थिक स्थिति, महिलाओं की अशिक्षा और पिछड़ापन, बाल-कुपोषण आदि अनेक विषयों पर कार्य कर चुकी हैं। विगत दो दशकों से अमेरिका में रह रही डॉ. अनुकृति भले ही अब अमेरिकी नागरिक बन चुकी हैं, किंतु अपने जन्म-स्थान नारनौल (हरियाणा) और अपने मूल देश भारत तथा भारत की मिट्टी से इनका अब भी गहरा लगाव है।

डॉ. अनुकृति को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि साधारण-सी दिखने वाली यह युवा महिला विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में वरिष्ठ अर्थशास्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित डॉ. एस. अनुकृति हैं। लेकिन यह सच है। विश्व बैंक में बतौर अर्थशास्त्री ज्वाइन करने के साथ ही डॉ. अनुकृति विश्व की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली इस सर्वोच्च बैंकिंग संस्था की दस सदस्यीय मानव संसाधन समिति की सदस्य भी बन गई थीं। वर्तमान में यह विश्व बैंक के %सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन एंड जॉब्स% की सह-अध्यक्ष, पीएफ-इंपेक्ट कंसोर्टियम के टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की सदस्य तथा %डेवलपमेंट इंपैक्ट ब्लॉग% की सक्रिय योगदानकर्ता के साथ-साथ बंग्लादेश बेस्ड सोशल साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट %ब्राक इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड डिवेलपमेंट% की दो समितियों %वी-डिफाइन% और %वी-कॉनेक्ट% की सदस्य? भी हैं। इससे पूर्व, सात वर्षों तक बीसी यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) में अर्थशास्त्र की प्रोफ़ेसर रही डॉ. अनुकृति के पति सिद्धार्थ रामलिंगम भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और विश्व बैंक में सीनियर कंसल्टेंट रह चुके हैं तथा वर्तमान में वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) बेस्ड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में स्ट्रैटजिक और प्लानिंग मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. अनुकृति साधारण होकर भी असाधारण हैं। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण यह आज युवाओं और विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोल मॉडल तथा प्रेरणा-स्रोत बन चुकी हैं। डॉ. अनुकृति बचपन से ही बड़ी मेधावी और विलक्षण रही हैं। इन्होंने अपने माता-पिता से न कभी एक रुपया जेबखर्च लिया और न ही कभी सड़क पर खड़े होकर किसी ठेली-रेहड़ी वाले से कुछ खरीदा-खाया। एक दिन भी ट्यूशन नहीं किया, फिर भी, सीबीएसई की 10+2 (नॉन मेडिकल) परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। डॉ. अनुकृति का जन्म हरियाणा के नारनौल शहर में हुआ, लेकिन अठारह वर्ष हिसार में और सात वर्ष दिल्ली में रहीं; अब बीस वर्षों से अमेरिका जैसे विश्व के सर्वाधिक विकसित और संपन्न देश में रह रही हैं। लेकिन दिखावा या आडंबर इन्हें छू तक भी नहीं पाया है। गर्मी हो या सर्दी, भारत आते ही यहाँ के परिवेश के अनुरूप ढल जाती हैं। दो दशकों से हवाई जहाज से सफर कर रही हैं, बीस से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी हैं, लोकल में भी मैट्रो या एसी बस से जाती-आती हैं, लेकिन साइकिल के अतिरिक्त एक्टिवा तक इन्हें चलानी नहीं आती।

वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास %मानव% तथा अर्थशास्त्र की पूर्व प्रवक्ता डॉ. कांता भारती की लाडली बेटी तथा जन्मजात विशिष्ट प्रतिभा की धनी डॉ. अनुकृति की उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर की रही हैं। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (इकोनॉमिक्स) करने के उपरांत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (अमेरिका) से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल् और पीएचडी की तीन उपाधियाँ एकसाथ प्राप्त कीं।

पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाली डॉ. अनुकृति ने विश्वस्तरीय संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन अन्य विद्यार्थियों की भाँति इन्हें प्रवेश लेने में कभी कोई कठिनाई नहीं हुई। 10+2 तक की शिक्षा हिसार के स्कूलों से प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से किया। तत्पश्चात् दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एमए (अंतरराष्ट्रीय संबंध), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एमए (अर्थशास्त्र) और इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट में एमए (गणित) हेतु आवेदन किया और तीनों में ही इनका चयन हो गया। इनमें से दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स को इन्होंने चुना। यही नहीं, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (अर्थशास्त्र) करने के बाद पीएचडी हेतु इन्होंने अमेरिका के छह अग्रणी विश्वविद्यालयों- रोचेस्टर, ब्राउन, विसकोंसिन मेडिसिन, कोलंबिया, न्यूयॉर्क और मेरीलैंड में आवेदन किया और सभी छह विश्वविद्यालयों में इनका चयन हो गया। डॉ. अनुकृति ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (न्यूयॉर्क) को चुना और वहाँ से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल् और पीएचडी की तीन उपाधियाँ एक साथ प्राप्त कीं। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि पीएचडी करने के बाद अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, स्वीडन, आस्ट्रेलिया और भारत सहित छह देशों के सत्रह विश्वविद्यालयों या समतुल्य संस्थानों में इनकी नियुक्ति हो गई, जिनमें से बीसी यूनिवर्सिटी को इन्होंने ज्वाइन किया। आर्थिक दृष्टि से डॉ. अनुकृति कभी अपने माता-पिता पर बोझ नहीं बनीं। शिक्षा और शोधकार्य के दौरान इन्हें अमेरिका की जीई फंड स्कॉलरशिप, विकरी और हैरिस जैसे अवार्ड तथा कोलंबिया यूनिवर्सिटी रिसर्च स्कॉलरशिप प्राप्त हुई। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 6-वर्षीय पीएचडी प्रोग्राम के दौरान तो इन्हें अपने माता-पिता से एक रुपए की भी आर्थिक सहायता नहीं लेनी पड़ी।

डॉ. अनुकृति कहती हैं कि मैं अपने सफर को कठिन तो नहीं कहूँगी, किंतु आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो लगता है, हरियाणा के एक छोटे-से पिछड़े शहर से विश्व बैंक तक का सफ़र कम ही लोग तय कर पाते हैं, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए भारत के कई राज्यों में अपनी पढाई और करियर को प्राथमिकता देना आसान नहीं है। किंतु मेरे परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन के कारण मुझे इस प्रकार की किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। मेरे माता-पिता ने मेरी और मेरे भाई (जो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने) की परवरिश इस प्रकार से की थी कि हमें कभी यह नहीं लगा कि हमारे लक्ष्य या आकांक्षाएँ केवल अपने शहर, राज्य या देश तक ही सीमित रहें। प्रारंभ में हरियाणा के एक छोटे शहर से दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज जाने में मुझे शायद अधिक अंतर अनुभव हुआ और समायोजन करने में कुछ समय लगा। किंतु बाद में मेरे लिए आगे का सफर अधिक मुश्किल नहीं रहा। अतः मैं माता-पिता और अभिभावकों से यही कहना चाहूँगी कि अपने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का निर्णय बहुत सोच-विचारकर करें, क्योंकि उसका प्रभाव उनके पूरे जीवन और कैरियर पर पड़ता है। अपनी रुचि बच्चों पर न थोपें, बच्चों की रुचि का भी ध्यान रखें; अपना रास्ता और मंजिल उन्हें स्वयं तय करने दें। माता-पिता की रुचि बच्चों के व्यक्तित्व-विकास में सर्वाधिक बाधक है। सभी माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं, जो उचित नहीं है। अन्य अनेक क्षेत्र हैं, जिनमें बच्चों को अपनी इच्छा और रुचि से जाने की छूट दी जाये, तो वे भी विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं। हाँ, माता-पिता का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत आवश्यक है। मुझे नहीं लगता कि अपने माता-पिता के मार्गदर्शन के बिना मैं इतना-कुछ प्राप्त कर पाती। मेरे माता-पिता और अन्य परिजनों ने कभी मेरे और मेरे भाई के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया और न ही कभी मुझ पर छोटी उम्र में शादी करने और अपने करियर पर कम ध्यान देने का दबाव डाला। मुझे बचपन में हमेशा पढ़ने और सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया; घर के काम-काज का भार भी मुझ पर कभी नहीं डाला गया। अब मेरे पति प्रो. सिद्धार्थ रामलिंगम का भी मुझे पूरा सहयोग प्राप्त है; हम दोनों मिलकर, बराबरी से, एक-दूसरे के निर्णयों और कैरियर्स को सपोर्ट करते हैं। हमारी एक नन्ही बिटिया मिली (मृणालिनी) है, जिसने हमारे जीवन को खुशियों से भर दिया है। सचमुच बहुत गर्व है पूरे भारत को, अपनी सुयोग्य और मेधावी बेटी डॉ. एस. अनुकृति पर। आज की युवा पीढ़ी इनसे बहुत कुछ सीख सकती है, इनसे प्रेरणा प्राप्त कर न केवल अपना भविष्य सँवार सकती है, बल्कि देश-विदेश में अपनी कीर्ति-पताका भी फहरा सकती है।

**-डॉ. प्रियंका सौरभ**

# दिन में हुलियारों से, शाम को आयोजनों से सज रही नगर की होली

## इंदौर के डांस ग्रुप ने फाग नृत्य व गीतों से सजाई होली, हर प्रस्तुति पर झूमे नगरवासी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की पांच दिन तक होली मनाने की परंपरा को नगरवासी खासकर होली उत्सव समिति द्वारा जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जो सुबह से होली का रंग जमाते हैं तो शाम को इनकी मेहनत से रंगारंग प्रस्तुति से मंच सज रहा है। बुधवार शाम को भी इंदौर के डांस ग्रुप ने राधा-कृष्ण फाग उत्सव की ऐसी प्रस्तुति दी, जिसने सभी नगरवासियों को अपनी कला का कायल बना दिया।

सर्व हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी सुमित भावसार ने बताया कि 3 मार्च को होलिका दहन के बाद से ही नगर में होली उत्सव की धुम शुरू हो गई थी। पहले दिन होली उत्सव समिति द्वारा लोकल फार वोकल का नारा देते हुए स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया था जिन्होंने अपनी गायकी से नगरवासियों के बीच अपनी पहचान बनाई। बुधवार को राधा कृष्ण फाग का आयोजन किया गया। जिसमें इंदौर से आई टीम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से नगर को वृंदावन और बरसाना में बदल दिया, जिन्होंने न सिर्फ नृत्य की प्रस्तुति दी बल्कि राधा और भगवान श्री कृष्ण की होली के रंग भी बिखेरे।

होली उत्सव समिति की हो रही सराहना- बुधवार को मंच पर पहुंचे जय श्री महाकाल एंड डांस ग्रुप इंदौर के कलाकारों की प्रस्तुति देखकर आयोजन का आनंद लेने पहुंचे नगरवासी भी खुद को थिरकने से रोक नहीं सके और यह आयोजन पूरे नगर में चर्चा का विषय बना रहा। सभी ने इस आयोजन की व सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, होली उत्सव समिति संयोजक पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, सचिव अंकित अंबावतिया, सह संयोजक जीत पारछे द्वारा होली उत्सव को रंगारंग बनाने के लिए इन सभी पदाधिकारियों की सराहना की।

रविवार तक नगर में बरसेंगे उत्साह और उल्लास के रंग- 3 मार्च से शुरू हुआ यह रंगारंग सिलसिला 8 मार्च को रंग पंचमी पर्व तक जारी रहेगा। आयोजन के तहत गुरूवार को भी नगरवासियों के मनोरंजन की व्यवस्था होली उत्सव समिति पदाधिकारियों द्वारा की गई। जिन्होंने जाने-माने कवियों को आमंत्रित किया। जिसमें देवास के शशिकांत यादव, हास्य कवि मुन्ना बैटरी, इंदौर की गीत गजल गायक प्रिया खुशबू, बेटमा के हास्य कवि संजय खत्री, इंदौर के हास्य कवि श्यामकुमार पलौड़, अरनियाकलां के हास्य कवि हजारीलाल हवलदार व स्थानीय कवि पंकज पलाश ने नगरवासियों को गुदगुदाने के साथ ही देशभक्ति और देश के वर्तमाल हालात पर अपने शब्दों के बाण छोड़े जो सीधे नगरवासियों के दिल पर लगे। यही कारण था कि देर रात तक न कवियों ने मंच छोड़ा और न ही इन कवियों को सुनने आए नगरवासी अपनी जगह से हिले।

आज देवास के कलाकारों से सजेगा मंच- श्री भावसार ने बताया कि आयोजनों की यह श्रृंखला शुक्रवार को भी जारी रहेगी और इस दिन भी होली उत्सव समिति द्वारा नगरवासियों पर आनंद की फुहार बरसाई जाएगी। शुक्रवार को देवास के यंग मेलोडियन आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकरों द्वारा गीतों व नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद शनिवार को प्रभु श्री सांवरिया सेठ की भजन संध्या का आयोजन आजाद चौक में होगा। जहां राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार रोहित राजस्थानी अपनी आवाज से प्रभु श्री सांवरिया सेठ का प्रसाद नगरवासियों को प्रदान करेंगे। इसके बाद 8 मार्च रविवार को नगर में परंपरागत फाग यात्रा निकाली जाएगी जो बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न होगी। होली उत्सव समिति व सर्व हिन्दू उत्सव समिति पदाधिकारियों ने नगरवासियो से अधिक से अधिक संख्या में आकर सभी आयोजनों को सफल बनाने की अपील की है।

# विद्युत पोल से उठती रही चिंगारी, छोटा चौक में मची अफरा-तफरी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के व्यस्ततम क्षेत्र छोटा चौक में गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे बिजली के खंभे पर लटकी मीटर केबलों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बिजली के तारों से चिंगारियां निकलने लगीं और आग की लपटें तेज हो गईं। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के समय आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबरा गए और तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर हट गए। राहत की बात यह रही कि आग की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया और समय रहते लोगों ने दूरी बना ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिसके बाद हालात को नियंत्रित किया गया। रहवासियों की माने तो गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ रही है, जिससे पुरानी लाइनों पर अधिक लोड पड़ रहा है। इसी कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# पानी से निकल रहा झाग, आ रही बदबू



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के वार्ड क्र. 25 स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर के पीछे सीवरेज लाइन में लीकेज के कारण गंभीर समस्या हो गई है। गंदा पानी जमीन में रिसकर बोरिंग के जलस्तर में मिल रहा है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को दूषित पानी मिल रहा है। रहवासियों ने इसकी शिकायत नगर पालिका को की। इस पर सीवरेज की टीम ने सुधार कार्य शुरू किया है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, बोरिंग से आने वाले पानी में झाग और तेज बदबू आती है, जिससे यह पीने योग्य नहीं रहा। रहवासी रामचंद्र नायक ने बताया कि इस लीकेज से लगभग 10 से 12 घरों की बोरिंग प्रभावित हुई हैं। यह समस्या पिछले 8 से 10 दिनों से बनी हुई है। रहवासियों ने बताया कि सीवरेज चैंबरों की नियमित सफाई न होने के कारण चॉक हो गए हैं, जिससे गंदा पानी जमीन में रिस रहा है। एक अन्य निवासी सावित्रीबाई ने बताया कि गंदगी और बदबू के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। वार्ड 25 के पार्षद प्रतिनिधि सुनील पेंटर ने इस समस्या का कारण बताया। उनके अनुसार सड़क निर्माण के दौरान एक सीवरेज चैंबर दब गया था, जिसके कारण उसकी सफाई नहीं हो सकी और वह बंद हो गया। नगर पालिका और सीवरेज विभाग की टीम द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार, बेरछा पुलिस को मिली सफलता



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की बेरछा थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। यह पूरी कार्रवाई शाजापुर एसपी यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में गठित टीम ने की।

फरियादी कमल परमार ने 7 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि लक्ष्मी मैरिज गार्डन में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान उनकी मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 42 जेडए 9685) चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी भरत किरार के नेतृत्व वाली विशेष टीम ने पतारसी करते हुए गुरुवार को आरोपी सचिन उर्फ राजवीर गुर्जर को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भरत किरार के साथ प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा, आरक्षक दीपक साहू, रूप सिंह यादव और चालक शैलेंद्र तोमर की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों पर अंकुश लगाने के लिए पतारसी अभियान निरंतर जारी है।

# दो माह पहले हुई मरीज की मौत को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल में किया हंगामा

## चिकित्सक पर लगाए लापरवाही के आरोप, चिकित्सकों ने भी एसपी से की उचित कार्रवाई की मांग



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक मरीज की जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। दो माह बाद इस मामले को लेकर मरीज के परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टरों से तीखी बहस भी की। मामले को लेकर चिकित्सकों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर चिकित्सकों को सुरक्षा प्रदान करने व उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की।

दरअसल जिला अस्पताल में 11 दिसंबर को आदर्श नवीन नगर निवासी कमलेश जादमे की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर गुरुवार को परिजन अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते नजर आए। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर जेपी शर्मा की लापरवाही के कारण उनके बेटे की जान चली गई। डॉक्टर ने उसे प्राइवेट क्लिनिक पर इलाज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां इलाज के दौरान कमलेश की मौत हो गई। मृतक के माता-पिता और पत्नी रोते हुए और अपने बेटे की तस्वीर लेकर पहुंचे और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाईश देकर मामला शांत करवाया।

चिकित्सकों से की बहस, रोते-बिलखते रहे परिजन- सीएमएचओ कार्यालय में भी मरीज के परिजनों ने सीएमएचओ कर्मचारियों से तीखी बहस की। राते-बिलखते मृतक की पत्नी ने कार्रवाई की मांग की और कहा कि डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य ने बताया कि मामले की जांच टीम की ओर से सभी बयानों के आधार पर पूरी जांच की गई है। जांच में डॉक्टर दोषी नहीं पाए गए हैं। वहीं मामले को लेकर संबंधित चिकित्सक डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि दिसंबर में मरीज अस्पताल में भर्ती हुआ था। जांच में टीबी की आशंका थी और इलाज शुरू किया गया। इलाज के दौरान मरीज अक्सर बिस्तर पर नहीं मिलता था और नशे की आदत भी थी। जिस दिन उनकी मौत हुई, उस रात भी मरीज बिस्तर पर नहीं था और दवाइयां पूरी मात्रा में नहीं ली गई थी।

डॉक्टरों ने सौंपा एसपी को ज्ञापन- इस घटना और लगातार हो रहे धमकियों के बाद जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने एसपी कार्यालय में एकत्र होकर शिकायत दी। उन्होंने बताया कि परिजन बार-बार आकर डॉक्टरों और स्टाफ को परेशान कर रहे हैं और धमकियां दे रहे हैं। डॉक्टरों ने पुलिस से सुरक्षा व इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें *दिनांक 05.03.2026 को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे एवं निलेश पंवार के नेतृत्व में आबकारी की टीम द्वारा देवास शहर एवं डबल चौकी क्षेत्र मे दबिश कार्यवाही की गई ,जिसमे संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग कर कार्यवाही की गई जिसमे 145 पाव देशी मदिरा बरामद की गई । कार्यवाही में कुल 04 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 12500 रुपये है आज की कार्यावाही में आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव एवं अरविंद सोलंकी आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल ,निहाल खत्री,आशीष गुप्ता,सुरेंद्र सैनिक किशोर एवं अनिल रएम सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# एक अनियंत्रित होकर खंती में घुसा, दूसरा बायपास पर पलट गया

## हाईवे पर हुए दो हादसे, एक युवक घायल



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लालघाटी थाना क्षेत्र में गुरुवार को सनकोटा बायपास पर दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ट्रक चालक को कोई चोट नहीं आई।

पहला हादसा गुरुवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रक में सवार मुरैना निवासी रविंद्र (पिता साहब सिंह) और शिवकुमार (पिता हरिश्चंद्र) घायल हो गए। वे मुरैना से इंदौर जा रहे थे। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरा हादसा गुरुवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच सनकोटा बायपास पर ही हुआ। लाल शिमला मिर्च से भरा एक आईसर ट्रक पलट गया। यह ट्रक आगरा से मुंबई जा रहा था। चालक दिनेश को कोई चोट नहीं आई, लेकिन ट्रक पलटने से कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# गंदगी व बुनियादी सुविधाओं के अभाव में महिलाओं ने किया जिला पंचायत का घेराव

## पनवाड़ी की महिलाओं को अध्यक्ष ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, दिए निर्देश



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम पनवाड़ी में गुरुवार दोपहर महिलाओं ने गंदगी और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत कार्यालय पहुंचीं और घेराव कर नारेबाजी की। महिलाओं का कहना था कि गांव में लंबे समय से सफाई व्यवस्था खराब है, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रदर्शन में शामिल वंदना पाटीदार ने बताया कि गांव में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। नालियां चॉक होने के कारण कई जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण बच्चे और बुजुर्ग लगातार बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन पंचायत इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। महिलाओं ने यह भी बताया कि गांव में कई जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और सामुदायिक शौचालय की हालत भी खराब है। जल निकासी की व्यवस्था सही नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है। कुछ महिलाओं ने सूअरों के हमले की घटनाएं होने की बात भी कही।

महिलाओं ने की नारेबाजी- प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने मांग की कि गांव में नियमित रूप से कचरा वाहन चलाया जाए, गलियों और नालियों की सफाई कराई जाए और जल निकासी की व्यवस्था ठीक की जाए। उनका कहना था कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण फिर से आंदोलन करेंगे। इस दौरान महिलाओं ने वहां जमकर नारेबाजी भी की। इस मामले में शाजापुर जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे ने कहा कि महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को गांव में तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल्द ही गांव में कचरा वाहन चलाने और सफाई व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जाएगा।

# शुद्ध जल प्रदाय के लिये निगम के जल प्रदाय विभाग में राज्य, प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति की मांग

## इस संबंध में शिकायतकर्ता ने उज्जैन संभागायुक्त, देवास कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त सहित शासन स्तर पर दिए आवेदन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आर.टी.आई व समाजिक कार्यकर्ता मेहमूद शेख ने उज्जैन संभाग आयुक्त, देवास कलेक्टर और निगम आयुक्त सहित प्रदेश के मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव सामान्य नगरीय प्रशासन भोपाल को दिये आवेदन में बताया कि वर्तमान में देवास में भीषण गर्मी शुरू हो गई है और देवास में अनेक वार्डो व गरीब बस्तियों में अभी भी गंदा, मटमैला और सीवरेज संबंधी दूषित जल प्रदाय हो रहा है। निगम में सालों से जमे अधिकारी और जल प्रदाय के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं जल पाईप लाईनें गंदे नालों से होकर गुजर रही है। पाईप लाईनों में अनेक छोटे छोटे लीकेज हो गए है, जिससे देवास में किसी दिन भी इंदौर के भागीरथ पुरा जैसा हादसा हो सकता है। शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन सहित निगम पर आरोप लगाया है कि जल प्रदाय विभाग में निम्न स्तर के पंपकुली और दैनिक वेतन भोगी व संविदा नियुक्ति पर तैनात अयोग्य कर्मचारियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कर रखे है वहीं दूसरी ओर निगम की आयोग्य कार्यपालन यंत्री को जल प्रदाय की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि जनता की जान जोखिम में डालकर निकम्मे, भ्रष्ट, अयोग्य व्यक्तियों को हटाकर तत्काल राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति की जावे। वहीं दूसरी ओर शिकायतकर्ता मेहमूद शेख ने कलेक्टर, निगम आयुक्त सहित शासन स्तर पर देवास में करोड़ों की शुद्ध जल फिल्टर हुए अमृत-1 पी.एल.सी, स्कॉडा योजना से सबंधित करोड़ों के भ्रष्टाचार में लिप्त तत्कालीन निगम आयुक्त विशालसिंह, सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री नागेश वर्मा, स्वेच्छिक सेवानिवृत्त उपयंत्री मो. तौफिक खान, प्रतिनियुक्ति पर निगम में 20 वर्षो तैनात उपयंत्री जगदीश वर्मा, तत्कालीन वित्त प्रभारी, लेखा बाबू दिलीप गर्ग, उमेश चतुर्वेदी, अधिकारियों की अमृत-1 पी.एल.सी. स्कॉडा योजना में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार के जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता ने निगम पर गंभीर आरोप लगाया है कि निगम में जमे भ्रष्ट निकम्मे, पंगु अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ से केन्द्र शासन और राज्य शासन द्वारा देवास की जनता को शुद्ध जल प्राप्त हो इसलिए करोड़ों की अमृत-1 पीएलसी स्काडा योजना प्रारंभ की गई थी परंतु यह योजनना कागजों में सिमट कर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। क्षिप्रा स्थित नदी में देवास के संपूर्ण 45 वार्डो में स्वच्छ जल प्रदाय के लिये जल को शुद्ध करने के लिये क्षिप्रा नदी में क्लोरिन केमिकल गैस छोड़ने में भी निगम देवास जिल प्रदाय प्रभारी और अधिकारियों द्वारा लापरवाही की जा रही है और अमृत-1 पी.एल.सी. स्काडा में जिस ठेकेदार को शुद्ध जल प्रदाय करने हेतु इसमें कार्य करने वाले संपूर्ण कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन भी ठेकेदार को 10 वर्षो तक कर्मचारियों को वेतन देना था परंतु निगम की कार्यपालन यंत्री ओर जल प्रदाय प्रभारी सहित निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा वर्तमान में इस कार्य करने के लिए क्षिप्रा नदी में अपने कर्मचारियों को ठेकेदार से सांठगांठ कर निगम में से प्रतिमाह लाखों रूपयों का वेतन दिया जा रहा है। जबकि कर्मचारियों को वेतन भी अमृतजल-1 पीएलसी योजना अंतर्गत ठेकेदार 10 वर्षो तक इसी योजना के तहत वेतन देना था।

आर.टी.आई. एक्टिविस्ट मेहमूद शेख ने जिला कलेक्टर, निगम आयुक्त, संभागायुक्त उज्जैन सहित शासन स्तर पर आवेदन देकर बताया कि तत्काल देवास में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की निगम में नियुक्ति की जाए तथा देवास में जल प्रदाय में लगातार निगरानी रखी जाए।

# 10 मार्च से बैडमिंटन समर कैंप की शुरुआत

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गोल्ड शटल फ्लाय बैडमिंटन एकेडमी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैडमिंटन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कैंप 10 मार्च से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में खिलाड़ियों को बैडमिंटन में स्पोर्ट्स साइंस के महत्व को समझाते हुए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। गोल्ड शटल फ्लाय बैडमिंटन एकेडमी के सदस्य जितेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप का संचालन जिले के एकमात्र भारतीय खेल प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित एक वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त बैडमिंटन कोच अर्जुन सिंह द्वारा किया जाएगा। शिविर में वे खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेल की बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे। इसके साथ ही शिविर में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा भी खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर के दौरान फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा समय-समय पर इंजरी प्रिवेंशन के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा विशेषज्ञों द्वारा खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस, मेंटल कंडीशनिंग एवं स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

# जूना गुजराती दर्जी समाज की सामाजिक गैर निकली



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्राचीन परम्परा के अनुसार जूना गुजराती दर्जी समाज की सामाजिक गैर देवास नगर निगम क्षेत्र के गमी वाले 13 घरों पर ढोल धमाके के साथ महिला मंडल सहित पहुची और रंग गुलाल किया। गैर में शामिल हुए समस्त सामाजिक बंधुओ, युवा साथी, और महिला मण्डल की सभी मातृशक्ति का ट्रस्ट प्रबंध समिति आभार प्रकट किया। गैर के पश्चात् सभी लोग धर्मशाला पहुँचे, जहा समाज के आराध्यसंत श्री टेकचंदजी महाराज की आरती की गई। देवास की धर्मशाला में रामनवमी पर समाज के मंदीर की प्राणप्रतिष्ठा के 27 वर्ष पूर्णहोने के उपलक्ष्य में इस वर्ष 27 मार्च 2026 को श्री रामनवमी की आरती दोपहर 12.00 बजे की जावेगी। इस वर्ष देवास ट्रस्ट के संवरक्षक दीपचंद मेहता की और से भंडारे का आयोजन 29 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से रखा गया है। इस अवसर पर आरती के पश्चात समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक रामेश्वर सोलंकी, देवास एवं कड़छा ट्रस्ट के संरक्षक दिलीप परमार, देवास ट्रस्ट के संरक्षक दीपचंद मेहता, देवास ट्रस्ट के संरक्षक एवं कड़छा ट्रस्ट के ट्रस्टी सत्यनारायण सोलंकी, वरिष्ठ समाज सेवी शिवनारायन परिहार का स्वागत ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन परिहार द्वारा किया गया।वरिष्ठ मार्गदर्शक,तीनो संरक्षक ,एवम शिवनारायण परिहार तथा ट्रस्टी पुरषोतम सोलंकी एवं समाज के अध्यक्ष मोहन परिहार द्वारा इस वर्ष के भंडारे के आयोजक दीपचंद मेहता का स्वागत किया गया। महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाये जाने की सूचना महिला ट्रस्टी सीमा मिलिंद सोलंकी द्वारा दी गई। संचालन एवं आभार ट्रस्ट सचिव शिरीष जी मेहता ने माना।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन पर शुरू की मामा कोचिंग

## मेधावी छात्रों के लिए प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान, टॉपर्स को मिलेंगे पुरस्कार




**विदिशा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन में आयोजित कार्यक्रम में अपने माता-पिता की स्मृति को सहेजते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की है। मामा कोचिंग के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान की पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान साथ मौजूद रही।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने 'प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान' की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि विदिशा लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत टॉपर्स को क्रमशः 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि केवल विधानसभा स्तर पर ही नहीं, बल्कि पूरे विदिशा लोकसभा क्षेत्र में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष बड़े पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, शिक्षा ही वह माध्यम है जो युवाओं के भविष्य को संवार सकती है और समाज को आगे ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए और मेधावी छात्रों को सम्मान व प्रोत्साहन देकर उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिले।

मामा कोचिंग क्लासेस से युवाओं को मिलेंगे नए अवसर - केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं का भविष्य संवारना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से मामा कोचिंग क्लासेस शुरू की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि, इस पहल की शुरुआत विदिशा, रायसेन और भैरूंदा से की जा रही है। यहां विद्यार्थियों को बैंकिंग, एसएससी, एमपीपीएससी, डीआरडीओ और फॉरेस्ट सर्विस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन कोचिंग क्लासेस में विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलेगा और विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सामग्री और परीक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। सही दिशा और संसाधन मिलने पर ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मेरा उद्देश्य यह है कि विदिशा क्षेत्र का कोई भी युवा केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रह जाए। मामा कोचिंग क्लासेस के माध्यम से युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे और वो देश की विभिन्न सेवाओं में जाकर समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि करियर और रोजगार के हर चरण में सही मार्गदर्शन मिलना चाहिए। अगर कोई युवा व्यवसाय या व्यापार शुरू करना चाहता है और उसे बैंक से ऋण की जरूरत है, तो उसे यह भी समझना चाहिए कि बैंक लोन की प्रक्रिया क्या है और सरकारी योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ कैसे लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी कि युवाओं को इन सभी विषयों की जानकारी विस्तार से दी जाए, ताकि वो आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय कर सकें।

इस अवसर पर विदिशा के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक श्री सूर्यप्रकाश मीणा, कुरवाई विधायक श्री हरिसिंह सप्रे, विदिशा जनपद अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी, श्री महाराज सिंह दांगी, श्री राकेश शर्मा, श्री राकेश जादौन समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## खाचरोद में 1 मार्च से 15 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** खाचरोद में शासन के निर्देश में आंगनवाड़ी केंद्रों पर 1 मार्च से 15 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत क्षेत्र की महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें स्वच्छता के बारे में समझाइश देकर सफाई प्रति जागरूक करना है वार्ड क्र 18 में दो आंगनवाड़ी केन्द्रों पर महिलाओं को गिला कचरा सूखा कचरा एवं प्लास्टिक मुक्त के बारे में बताया गया कुढ़ें कचरे से गंदगी फैलती है मच्छर और फिर बीमारियों का डेरा जमा हो जाता है स्वच्छता से ही स्वस्थ लक्ष्मी घर आंगन में आती है हरा में गीला नीले में सुखा और पीला में प्लास्टिक के डस्टबीन के महत्व को समझाया आयोजन में कार्यकर्ता सुनीता भाटी,शबाना शाह सहायिका तबस्सुम मेव पूनम सोनी गायत्री माली,आरिफ बी ओर वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सर्विकल कैंसर के बचाव के लिये एचपीवी टीकाकरण जारी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सर्विकल कैंसर के बचाव के लिये राष्ट्व्यापी टीकाकरण अभियान जिले में आयोजित किया जा रहा है। जिले में टीकाकरण के लिये वर्तमान में 6 टीकाकरण केन्द्र संचालित होकर प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक सेवाए प्रदाय की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय नीमच सामु स्वा. केन्द्र सिंगोली जीरन सिविल हास्पिटल जावद रामपुरा जावद मनासा इन छ स्थानों पर टीकाकरण किया जा रहा हैं। टीकाकरण के प्रारंभिक चरण 14 वर्ष पूर्ण चुकी किशोरी बालिकाए एवं 15 वर्ष में प्रवेश कर चुकी प्रथम 03 माह की किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा हैं। टीकाकरण सत्र स्थल पर किशोरी बालिका स्वयं अपने अभिभावक के साथ आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, शिक्षक के साथ उपस्थित होकर टीकाकरण करवा सकती है इसके लिए आधार कार्ड एवं एक मोबाईल नम्बर साथ लाना अनिवार्य हैं। डॉ.प्रसाद ने बताया कि उक्त वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित होकर भविष्य में महिलाओ को होने वाले सर्विकल कैंसर से बचाएगी। स्वस्थ्य भारत के निर्माण में स्वस्थ्य नारी का महत्वपूर्ण योगदान है। डा.प्रसाद ने उल्लेखित आयु वर्ग की समस्त बालिकाओ से टीकाकरण करवाने की अपील की हैं।

## दतिया जेल में होली का त्यौहार सहर्ष मनाया गया

**दतिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जेल अधीक्षक जिला जेल दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस जिला जेल दतिया पर होली के त्यौहार के अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बंदियों द्वारा होली त्यौहार सहर्ष मनाया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को गुलाल लगाया गया एवं मिठाई वितरित की गई एवं बंदियों द्वारा भी जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक एवं स्टाफ को रंग और गुलाल लगाया गया।

## उर्वरक एवं पेस्टिसाइड दुकानों का किया गया निरीक्षण, अनियमितता पाए जाने पर की जा रही कार्यवाही

**बुरहानपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक एवं माइक्रोन्यूट्रिएंट विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। उपसंचालक कृषि विभाग श्री एम.एस. देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को ग्राम दर्यापुर में माइक्रोन्यूट्रिएंट उर्वरक विक्रय करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेताओं द्वारा स्टॉक पंजी में उर्वरकों के स्टॉक में कमी, कंपनी द्वारा प्रतिमाह विक्रय की जानकारी उपलब्ध नहीं कराना तथा स्टॉक बोर्ड का संधारण नहीं करना जैसी अनियमितताएँ पाई गईं। इसी कड़ी में दर्यापुर के श्रीजी एग्रो, श्री गणेश कृषि केन्द्र, गायत्री कृषि केन्द्र तथा सतपुड़ा कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सतपुड़ा कृषि केन्द्र द्वारा किसी भी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं अन्य विक्रेताओं को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री राम पाटिल, कृषि विस्तार अधिकारी श्री भारत वास्कले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता की पहल

### कैंसर-थैलेसीमिया के खिलाफ 8 मार्च सड़कों पर उतरेगी कार रैली

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक विशेष कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। जेटो लेडीज विंग, नीमच एवं जेटो यूथ विंग, नीमच द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सहयोग तथा उपदेश किआ के प्रायोजन में 8 मार्च को यह रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा।

जेटो लेडीज विंग की अध्यक्ष श्रीमती रिंकू राठौर ने बताया कि यह कार रैली प्रातः 7 बजे दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पर समाप्त होगी। रैली के समापन पर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर और थैलेसीमिया विषय पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोगों को इन बीमारियों की रोकथाम, समय पर जांच और उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना आज की बड़ी जरूरत है। कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों के बारे में सही जानकारी और समय पर जांच से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसी उद्देश्य से महिला दिवस के मौके पर इस जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

श्रीमती राठौर ने बताया कि यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का प्रयास है। महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी उतनी ही आवश्यक है। रैली के माध्यम से शहरवासियों को यह संदेश दिया जाएगा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे इस जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और अपने परिवार व समाज को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जिम्मेदारी और जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## नवकार सेवा संस्थान द्वारा फाग उत्सव- महिला दिवस समारोह का आयोजन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवकार सेवा संस्थान द्वारा ÷फाग उत्सवङ्कमहिला दिवस÷ समारोह उत्साह, उमंग एवं सम्मान के वातावरण में गरिमापूर्ण रूप से आयोजित किया गया। रंगों की मधुर छटा, सखियों की मुस्कान और आत्मीय स्नेह से परिपूर्ण यह आयोजन सामाजिक सरोकारों और नारी सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण बना।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नारी शक्ति के आत्मबल, समर्पण और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करना था। संस्थान की अध्यक्षा साधना जी गोरवाड़ा के कुशल नेतृत्व में संस्था वर्षभर शिक्षा सेवा, जीवदया, गौसेवा, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण तथा नेत्रदानङ्कदेहदान जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

समारोह में तम्बोला, फाग गीत, नृत्य, रंगङ्कगुलाल, सुस्वाद व्यंजन, फोटोग्राफी एवं रील निर्माण जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय सदस्याओं का सम्मान भी किया गया।

इसी अवसर पर ग्रुप की मीडिया प्रभारी शालिनी पाटोदी के ÷पैरा लीगल वालंटियर÷ के रूप में चयनित होने पर उनका अभिनंदन किया गया। इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष डॉ. दीपशिखा जैन द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया गया तथा उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वालंटियर समाज के जरूरतमंद लोगों को न्याय की सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।

ग्रुप की कोषाध्यक्ष वैशाली जी बोकाडिया ने कहा कि अध्यक्षा के सशक्त नेतृत्व में संस्था दिन-प्रतिदिन उन्नति की ओर अग्रसर हो रही है और फाग गीतों में समा बांधा।

ग्रुप की सचिव निशा जी मंडलेचा ने भी फाग उत्सव के गीतों में उनका साथ दिया और सभी कार्यकारिणी के सक्रिय सहयोग की विशेष सराहना की गई।

समारोह के अंत में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए समाज में नारी शक्ति के सम्मान एवं सेवा कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026' में छिंदवाड़ा बना जलवायु अनुकूल खेती का मॉडल, खेतों तक पहुँची अंतर्राष्ट्रीय तकनीक

**छिन्दवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे 'कृषक कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने और खेती को जलवायु के अनुकूल बनाने की दिशा में छिंदवाड़ा जिला एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया और मध्य प्रदेश कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से अब आधुनिक कृषि तकनीक सीधे किसानों के खेतों तक पहुँच रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले के मोहखेड़ विकासखंड के ग्राम चारगांव करबल में गेहूं की उन्नत और जलवायु अनुकूल किस्मों पर आधारित एक प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और बीसा के प्रबंध निदेशक डॉ.बी.एम. प्रसन्ना के मार्गदर्शन में किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान को किसानों तक पहुंचाने की पहल को आगे बढ़ा रहे हैं।

किसानों को दिखाई आधुनिक तकनीक- कार्यक्रम के दौरान बीसा के तकनीकी सहायक श्री दीपेंद्र सिंह ने किसानों को गेहूं की नवीन और जलवायु अनुकूल किस्मों–HI-1636, DBW-303, DBW-327 और DBW-187–के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को खेतों का भ्रमण करवाते हुए तीन अलग-अलग बुवाई पद्धतियों का प्रदर्शन कराया गया।

इनमें शामिल थीं - सुपर सीडर पद्धति, जीरो टिलेज (शून्य जुताई) व पारंपरिक बुवाई पद्धति।

इस प्रदर्शन का उद्देश्य किसानों को खेत में ही तकनीकों के परिणाम दिखाना था, ताकि वे स्वयं तुलना कर बेहतर पद्धति अपनाने का निर्णय ले सकें।

जीरो टिलेज तकनीक से बढ़ी बचत- खेत भ्रमण के दौरान किसानों ने विशेष रूप से जीरो टिलेज तकनीक में रुचि दिखाई। ग्राम चारगांव करबल के प्रगतिशील किसान श्री रघुवर भादे ने बताया कि इस पद्धति से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 2500 की सीधी बचत हुई है।

उन्होंने बताया कि सिंचाई के पानी की खपत कम हुई, बीज की मात्रा लगभग आधी लगती है और पराली जलाने की समस्या से राहत मिली है।

## विकासखण्ड स्तर पर होगा कक्षा 5 व 8 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन कार्य

**गुना/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वार्षिक परीक्षा कक्षा 05 व 08 का आयोजन दिनांक 20 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक जिले के 186 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई थी परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन हेतु जिले मे 5 विकासखण्डों पर 5 मूल्याकंन केन्द्र स्थापित किये गये है। जहां उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन कार्य दिनांक 05 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह मूल्याकंन कार्य 14 मार्च 2026 तक शासन के निर्देशानुसार पूर्ण किया जाना है। प्रत्येक मूल्याकंन केन्द्र पर मानव संसाधन के रूप में 1 मूल्याकंन केन्द्र प्रभारी 2 सहायक केन्द्र प्रभारी 10 मुख्य मूल्याकंन कर्ता 10 मुख्य मूल्याकंन कर्ता 2 स्ट्रोंग रूम प्रभारी तथा विशेष विषय हेतु विषय विशेषज्ञ एवं 2 से 4 भृत्य एवं प्रत्येक मूल्याकंन केन्द्र पर 300 से 650 मूल्याकंन कर्ता 5 से 14 मार्च तक चलने वाले मूल्याकंन कार्य करेगें। आवश्यकता अनुसार अशासकीय शालाओं के शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों को भी मूल्याकंन कार्य में सम्मलित किया जाएगा।

जिले में कक्षा 8 में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम की 125509 तथा कक्षा 5 में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम की 99450 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन कार्य किया जाना है यह मूल्याकंन कार्य की प्रविष्टि ऑनलाइन मोड पर आरएसके परीक्षा पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। विशेष उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन कार्य 3 स्तर पर किया जाएगा जिन बच्चों के शून्य या 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होगें उनका मूल्याकंन कार्य मूल्याकंन कर्ता के साथ उप मुख्य मूल्याकंनकर्ता तथा मुख्य मूल्याकंन कर्ता के द्वारा किया जाएगा।

## पीएम राहत योजना से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को बड़ी राहत 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा

**राजगढ़/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार की पीएम राहत योजना के अंतर्गत अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी दुर्घटना पीड़ित का उपचार आर्थिक कारणों से बाधित न हो। जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी शासकीय चिकित्सालय स्वतः इस योजना में शामिल हैं। इसके साथ ही जिले के 41 निजी चिकित्सालयों में से अब तक 20 निजी चिकित्सालय योजना से जुड़ चुके हैं। शेष निजी चिकित्सालयों को भी योजना में शामिल करने के लिए लगातार संपर्क किया जा रहा है। कुछ चिकित्सालयों में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए स्टेट स्तर पर एसएचए से समन्वय किया गया है।

इस योजना का लाभ किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मिलेगा, चाहे वह किसी भी वर्ग या आय वर्ग से संबंधित हो। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य नहीं है। दुर्घटना के बाद 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद टीएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होने पर 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जाता है। यदि घायल व्यक्ति आयुष्मान कार्डधारी है और आगे उपचार की आवश्यकता होती है, तो वह अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक का इलाज आयुष्मान योजना के तहत प्राप्त कर सकता है।

जब भी चोट सड़क पर किसी वाहन के कारण होती है, उसे रोड ट्राफिक एक्?सीडेंट (आरटीए) माना जाता है और इस योजना का लाभ मिलता है। इसमें शामिल हैं, वाहन से टक्कर लगना, चलती बाइक या स्कूटर से गिरना, वाहन के स्किड होने से चोट लगना, पैदल चल रहे व्यक्ति को वाहन से चोट लगना, बस, ऑटो या कार दुर्घटना, कैसे मिलेगा कैशलेस उपचार आदि।

दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीधे अस्पताल लाया जाता है, जहां सबसे पहले जीवन रक्षक उपचार दिया जाता है। इसके बाद दुर्घटना स्थल से संबंधित थाना द्वारा ईडीएआर सत्यापन किया जाता है। आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद क्लेम प्रक्रिया के माध्यम से कैशलेस उपचार प्रदान किया जाता है।

राजगढ़ जिले में तीन दुर्घटना पीड़ितों का उपचार जारी- राजगढ़ जिले में वर्तमान में पीएम राहत योजना के तहत तीन सड़क दुर्घटना पीड़ितों का उपचार जारी है। जिनमें श्री करण सिंह गुर्जर (48 वर्ष) 1 मार्च को दुर्घटना में घायल हुए। इनका ईडीएआरसत्यापन पचोर थाना क्षेत्र की टीआई श्रीमती शकुंतला बामनिया द्वारा किया गया। मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण इन्हें वरदान हॉस्पिटल, शाजापुर में भर्ती कराया गया, जहां योजना के अंतर्गत उपचार जारी है।

इसी प्रकार श्री कैलाश बंजारा (28 वर्ष) 3 मार्च को कुरावर थाना क्षेत्र में दुर्घटना हुई। इनका ईडीएआरसत्यापन टीआई कुरावर थाना द्वारा किया गया। वर्तमान में इनका उपचार सुलभ हॉस्पिटल, कुरावर में योजना के तहत जारी है। श्री रवि वर्मा (26 वर्ष) इनका भी 3 मार्च को कुरावर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल होने पर ईडीएआरसत्यापन कुरावर थाना की आईडी से किया गया। इनका उपचार गवली हॉस्पिटल, कुरावर में योजना के अंतर्गत जारी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार पीएम राहत योजना दुर्घटना पीड़ितों के लिए जीवन बचाने वाली पहल साबित हो रही है, क्योंकि इसमें इलाज शुरू करने में आर्थिक कारणों से कोई देरी नहीं होती।

## प्राथमिकता से हटवाएं तालाबों के कैचमेंट एरिया के अतिक्रमण



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के जिन तालाबों के कैचमेंट एरिया (जल आवक क्षेत्र) में कोई रुकावट या अतिक्रमण है तो उसे प्रमुखता से हटाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान इस काम को प्रमुखता से अंजाम देने के निर्देश दिए हैं। इसलिये इस कार्य में कोई ढ़िलाई न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम आयुक्त व जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा इस कार्ययोजना में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, जलाशयों के कैचमेंट एरिया की रुकावट हटाने, जल स्त्रोतों के समीप रीचार्ज संरचनाओं का निर्माण, नालों की सफाई, पुराने कुँओं व बावड़ियों के जीर्णोद्धार सहित जल संरक्षण व संवर्धन से संबंधित अन्य कार्यों को प्रमुखता से शामिल करें। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना में पिछले साल की तरह बड़े पैमाने पर खेत तालाबों व अमृत सरोवरों का निर्माण, पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार व हैंडपंपों के किनारे सोकपिट, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य कार्यों को इस साल की जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए। विदित हो पिछले साल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में लगभग 930 खेत तालाब बनाए गए थे। बैठक में कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रभावी ढंग से शिविर आयोजित करने के निर्देश भी बैठक में दिए। साथ ही कहा कि निराकरण का ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य अपलोड किया जाए।

ग्वालियर जिले में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नरवाई प्रबंधन में गौशालाओं को भागीदार बनाया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गौशालाओं को नरवाई काटने व उससे भूसा बनाने वाले उपकरण खरीदवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा हार्वेस्टर व ट्रेक्टर के साथ स्ट्रारीपर उपकरण लगाकर नरवाई काटी जा सकती है। इससे खेतों में ही नरवाई जलाने की जरूरत नहीं रहती। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को नरवाई जलाने से होने वाली हानियां और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

## विज्ञान दिवस पर साइंस सर्किल म.प्र. ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित, कोटा के विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

**बालाघाट/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस सर्किल म.प्र. द्वारा सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में JCAT एवं SCAT 2025-26 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि साइंस सर्किल म.प्र. विगत कई वर्षों से छ्श्वश्व एवं ह्श्वश्वञ्ज जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने हेतु योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में 28 दिसंबर 2025 को प्रदेश की राजधानी सहित बालाघाट जिले के विभिन्न केंद्रों पर JCAT, SCAT 2025-26 परीक्षा का सफल आयोजन किया गया था। परिणाम घोषित होने के उपरांत 01 मार्च को प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट श्री अभिषेक शराफ (आईएएस) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोशन इंस्टीट्यूट, कोटा (राजस्थान) के मुख्य वक्ता श्री जयंत चितौड़ा तथा अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। तत्पश्चात साइंस सर्किल के सचिव डॉ. युवराज राहंगडाले एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

डॉ. युवराज राहंगडाले ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोटा से आए विशेषज्ञों का प्रेरक व्याख्यान रहा, जिसका लाभ विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों ने उठाया। इस अवसर पर JCAT एवं SCAT 2025-26 में शामिल सभी परीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही टॉप-10 विद्यार्थियों, शाला प्रमुखों एवं शाला प्रभारियों का सम्मान किया गया। कक्षा 8वीं से 12वीं तक गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के टॉप-3 विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ 10,000 रुपये, 5,000 रुपये एवं 2,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# कमिटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक आयोजित

## सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर हुई विस्तृत समीक्षा




**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा को लेकर कमिटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सांसद श्री पटेल ने निर्देशित किया कि जहां-जहां पूर्व में गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, उन स्थानों को चिन्हित कर विशेष ध्यान दिया जाए तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में थाना स्तर पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की भी समीक्षा की गई।

बैठक में यातायात थाना प्रभारी श्री रमेश सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनना तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना है। उन्होंने बताया कि खुली जगहों और हाईवे जैसे क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक देखी जा रही है। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि सड़कों पर रोड मार्किंग, साइड शोल्डर निर्माण, अतिक्रमण हटाने, साइन बोर्ड लगाने, कैट आई, रंबल स्ट्रिप एवं हाई मास्क लाइट लगाने के कार्य नियमित रूप से कराए जाएं।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में यदि वन विभाग से संबंधित कोई समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराया जाए, जिससे उसका शीघ्र समाधान किया जा सके।

उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिए कि पाइपलाइन से संबंधित चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा स्कूलों के सामने चल रहे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। सांसद श्री पटेल ने कहा कि राहवीर योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का जीवन बचाना है। इस योजना से संबंधित सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही खरगोन शहर के प्रमुख चौराहों पर व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई। बावड़ी बस स्टैंड के लिए एक रूपरेखा तैयार कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि पोल शिफ्टिंग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने तथा जहां-जहां झाड़ियां यातायात में अवरोध बन रही हैं, वहां नगर पालिका द्वारा उन्हें हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर के कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने तथा रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता देने की बात कही गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित उपचार के लिए एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने और आवश्यक स्थानों पर मिनी ट्रामा सेंटर स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

सांसद श्री पटेल ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अति आवश्यक स्थानों का चिन्हांकन किया जाए तथा स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक कर यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जाए। उन्होंने ब्लड बैंक की सुविधाओं में विस्तार करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में खनिज विभाग को निर्देश दिए गए कि अवैध उत्खनन एवं डंपरों के संचालन पर अन्य विभागों के साथ समन्वय कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महेश्वर विधायक श्री राजकुमार मेव, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, एसपी श्री रवींद्र वर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती ऋतु अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

राज्य शिक्षा केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026- 27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निन्शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 02 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# कृषक कल्याण वर्ष पीएमएफएमई योजना बनी जिले के युवा उद्यमियों की सफलता का आधार



**बुरहानपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत प्रदेश में स्थानीय कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का सतत् एवं प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि किसान और युवा उद्यमी केवल कच्चा माल बेचने तक सीमित न रहें, बल्कि उत्पाद को प्रसंस्करण के माध्यम से ब्रांड बनाकर बाजार तक पहुंचाएं और अपनी पहचान स्थापित करें। ऐसा ही एक प्रेरणादायक संदेश बुरहानपुर जिले के युवा उद्यमी कपिल सावले ने प्रस्तुत किया है।

नौकरी छोड़ अपने जिले में शुरू किया उद्यम- कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ लेकर जिले के एमबीए शिक्षित युवा कपिल सावले ने बनाना मिलेट्स कुकीज का कार्य शुरू कर आत्मनिर्भरता के साथ अपनी पहचान बनाई है।स्वयं की यूनिट स्थापित करने से पूर्व कपिल इंदौर में एक निजी मोबाइल कंपनी में कार्य करते थे। लेकिन अपने गृह जिला बुरहानपुर में केले की अधिक पैदावार और प्रसंस्करण को देखकर उन्होंने इस क्षेत्र में कुछ नया, उपयोगी और नवाचारपूर्ण करने का निर्णय लिया।

पीएमएफएमई योजना से मिली आर्थिक सहायता- एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत बुरहानपुर जिले में केला फसल को चयनित किया गया है। पीएमएफएमई योजना के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा 437 उद्यमियों का बैंक से लोन स्वीकृत कराकर अलग-अलग खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की गयी हैं।कपिल बताते हैं कि उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में योजना अंतर्गत आवेदन किया। योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से यूनिट की स्थापना की गयी जिसमें 3.50 लाख रुपये अनुदान के रूप में प्राप्त हुए। सहयोग राशि से जनवरी 2025 में ''कल्पना बनाना प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज'' की स्थापना की गयी, जिससे स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण को नई गति मिली।

कपिल बताते हैं कि "Eat Banana" ब्रांड के नाम से उन्होंने ''बनाना मिलेट्स कुकीज'' तैयार करना शुरू किया। तकनीकी सहयोग के लिए तमिलनाडु राज्य में स्थित नेशनल रिसर्च सेन्टर फॉर बनाना में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन लिया। यूनिट में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनें इंदौर एवं मुंबई से लायी गयी हैं।यूनिट में कुकीज बनाने के लिये केला पाउडर के साथ मक्का और बाजरा के आटे का उपयोग किया जाता है। इससे यह कुकीज खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ फाइबर, आयरन और कैल्शियम से भरपूर पोषक उत्पाद बनती हैं। खास बात यह है कि कच्चा माल स्थानीय किसानों से खरीदा जाता है, जिससे उन्हें भी अपनी फसल का बेहतर और उचित मूल्य प्राप्त होता है।

यूनिट में बनाना मिलेट्स कुकीज के 70 ग्राम तथा 200 ग्राम के पैकेट तैयार किये जाते हैं, जिनका मूल्य क्रमशः 20 रुपये और 150 रुपये है। यह उत्पाद स्थानीय बाजारों के साथ-साथ इंदौर, मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

# अभियान के द्वितीय चरण में क्लस्टर नौगांवा, बोड़ायता एवं खजुरी पर शिविर आयोजित

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत 6 मार्च को क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित होंगे



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्लस्टरों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत मेघनगर के क्लस्टर नौगांवा, जनपद पंचायत पेटलावद के क्लस्टर बोड़ायता तथा जनपद पंचायत थांदला के क्लस्टर खजुरी में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई। अभियान के तहत जिले में निरंतर क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 6 मार्च 2026 को भी क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विकासखण्ड थांदला के क्लस्टर बैदवा में ग्राम बैदवा में शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में क्लस्टर के ग्राम कलदेला, खोखर खानदान, धमन्जर, बैदवा, बोरडी, मदालदा, मुन्जल एवं मियाटी के हितग्राही शामिल होकर अपनी समस्याओं एवं आवेदनों का निराकरण करा सकेंगे।

इसी प्रकार नगर परिषद पेटलावद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 ठक्कर बप्पा वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 11 तिलक वार्ड के लिए पिपाडा गली में शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें संबंधित क्षेत्र के हितग्राही उपस्थित होकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ अपनी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

# सांसद ने जिला स्तरीय होली मेले का किया शुभारंभ



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में जिला पंचायत खरगोन द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों के उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए लगाए गए जिला स्तरीय होली मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल ने आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा लगाई गई दुकानों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह की दीदियों को अच्छा मार्केट दिलाने के लिए बड़े मेलो में इन्हें कम दरों पर दुकानें दिलाई जाए ताकि महिला स्वावलंबन को प्रोत्साहन तथा स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिले।

# अवकाश के दिनों में भी एचपीवी टीकाकरण जारी

## जिले के 9 केंद्रों पर 465 बालिकाओं का किया गया टीकाकरण



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान लगातार जारी है। होली के अवकाश के दिनों में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण कार्य जारी रखते हुए जिले के 9 स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 465 किशोर बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोर बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदिन टीकाकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर में से एक है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) संक्रमण है। किशोरावस्था में एचपीवी टीका लगाने से इस संक्रमण से होने वाले कैंसर की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है। समय पर टीकाकरण से हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

जिले में यह टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से प्रारंभ किया गया है, जो आगामी 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत आशा, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. होल्कर सिंह चौहान ने जिले की जनता से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं, ताकि वे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें।

# राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इंदौर एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित खरगोन के संयुक्त तत्वावधान में दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं के सचिवों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को जिला सहकारी संघ मर्यादित खरगोन में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 05 मार्च से 07 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दुग्ध संघ के संचालक श्री बीपी चौहान, सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी श्री मनोज टांक, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री बसंत यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ओंकार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, पशुओं की देखभाल, दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार तथा सहकारी संस्थाओं के प्रभावी संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा दुग्ध संस्थाओं के संचालन, लेखा-जोखा, ऑडिट प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड संधारण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दुग्ध उत्पादक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

कार्यक्रम में जिले की लगभग 52 दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं के सचिव उपस्थित रहे। आगामी सत्रों में संस्थाओं के सचिवों को संस्थाओं के लेखा-जोखा, स्वच्छता, पशु स्वास्थ्य, कम्प्यूटर एंट्री आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# नवागत पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवागत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं अपराध पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत व वर्तमान में त्योहारों के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किए जाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया बंधुओं से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस एवं मीडिया के समन्वय से समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

## विभिन्न विभागों की समीक्षा कर विकास कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश




**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सांसद श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए।

बैठक में आगामी रबी एवं खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गई। सांसद श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। साथ ही ई-टोकन प्रणाली और गेहूं पंजीयन में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने सिकलसेल टीकाकरण के लिए चरणबद्ध योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में संचालित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई और निर्देश दिए कि पात्र बालिकाओं को समय पर टीकाकरण का लाभ मिले, इसके लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग समन्वय बनाकर अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करें। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड आगामी तीन माह में 100 प्रतिशत पूर्ण किए जाएं। बैठक में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की उपलब्धता तथा चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की पदपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में धरती आबा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसके अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ और गुणवत्ता बनाए रखते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए।

इसी प्रकार जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने निर्देश दिए कि पेयजल से संबंधित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद श्री पटेल ने निर्देश दिए कि सड़कों एवं अन्य निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद श्री पटेल ने कहा कि स्वीकृत सड़कों एवं अवसंरचना कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही जिले में स्वीकृत एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

सांसद श्री पटेल ने सांसद निधि (लोकसभा) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही पीएम श्री विद्यालय एवं सीएम राइज स्कूलों के निर्माण एवं संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा अटल लैब में आने वाली सामग्री की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इन विद्यालयों का संचालन गुणवत्ता के साथ किया जाए और विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक की कार्ययोजना की भी समीक्षा की गई। सांसद श्री पटेल ने कहा कि इन योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने सीएमओ, पीओ डूडा एवं एमपीयूडीसी को निर्देश दिए कि कार्यों को गंभीरता से किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीवरेज लाइन और पेयजल पाइपलाइन अलग-अलग तथा सुरक्षित दूरी पर डाली जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। करही में सीवरेज कार्यों में अनियमितता को लेकर 10 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिले के वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने की कार्यवाही, अवैध कॉलोनियों को वैध किए जाने की प्रक्रिया, तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक ऋण वितरण में आ रही समस्याओं की भी समीक्षा की गई। सांसद श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

बैठक में शिक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों का पुनः स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित करने, शत-प्रतिशत बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति तथा इसके लिए जनप्रतिनिधियों के सहयोग लेने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल भवनों के लंबित मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा।

इसके अलावा बैठक में आंगनवाड़ियों में शौचालय निर्माण, स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालय, पूरक पोषण, संपूर्णता अभियान, एससी/एसटी एक्ट के तहत राहत राशि के लंबित प्रकरणों का निराकरण, मंजरा टोला सुगम सड़क अभियान, सिरवेल में हाट-बाजार के स्थान परिवर्तन, तथा बड़वाह में ट्रामा सेंटर का प्रस्ताव प्रेषित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाकाल लोक का असरः धार्मिक पर्यटन में उज्जैन लगातार दूसरे साल नंबर-वन

## 2025 के दिसंबर तक 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, प्रदेश के टॉप-10 स्थलों में 7 धार्मिक स्थल शामिल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और मजबूत होकर उभरा है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन के मामले में उज्जैन लगातार दूसरे साल भी नंबर-वन बना हुआ है। पर्यटन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 के बाद 2025 में भी उज्जैन ने पर्यटकों की संख्या के मामले में प्रदेश में पहला स्थान बरकरार रखा है।



आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 के दिसंबर तक करीब 6 करोड़ श्रद्धालु बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं। माना जा रहा है कि मार्च तक यह आंकड़ा पिछले साल के रिकॉर्ड को भी पार कर सकता है। महाकाल लोक बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे उज्जैन धार्मिक पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है।

2024 में भी उज्जैन सबसे आगे- पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में कुल 13.41 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। इनमें से आधे से ज्यादा यानी 7.32 करोड़ श्रद्धालु अकेले उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचे थे। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश में आने वाला हर दूसरा धार्मिक पर्यटक उज्जैन जरूर पहुंच रहा है।

वर्ष 2025 में भी आस्था का यही सैलाब जारी रहा। दिसंबर तक करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकाल मंदिर में मत्था टेका। आने वाले महीनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है।

टॉप-10 पर्यटन स्थलों में 7 धार्मिक स्थल- प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में धार्मिक स्थलों का दबदबा साफ नजर आता है। टॉप-10 पर्यटन स्थलों में से 7 स्थान धार्मिक हैं। इनमें चित्रकूट और मैहर जैसे तीर्थ स्थलों ने इस बार बड़ी छलांग लगाई है।

चित्रकूट धाम वर्ष 2024 में तीसरे स्थान पर था, लेकिन 2025 में 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं मां शारदा धाम मैहर में 1.57 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, जिससे यह तीसरे स्थान पर आ गया।

सलकनपुर में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या- सीहोर जिले के सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में भी श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2024 में यहां 26.47 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 32.29 लाख हो गई। इससे यह स्थल भी तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है।

ओंकारेश्वर की रैंकिंग घटी- जहां कई धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है, वहीं ओंकारेश्वर में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। वर्ष 2024 में यहां 24.79 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे, लेकिन 2025 में यह संख्या घटकर 13.65 लाख रह गई। इससे इसकी रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है।

प्राकृतिक पर्यटन में पचमढ़ी आगे- प्राकृतिक पर्यटन की बात करें तो पचमढ़ी अब भी सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है। यहां वर्ष 2024 में 3 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर करीब 3.50 लाख हो गई।

हेरिटेज स्थलों पर कम भीड़- धार्मिक स्थलों की तुलना में ऐतिहासिक और हेरिटेज स्थलों पर पर्यटकों की संख्या काफी कम है। मांडव में करीब 1.90 लाख, महेश्वर में 1.75 लाख और भोजपुर में लगभग 1.50 लाख पर्यटक पहुंचे।

व्यवस्थाओं में सुधार से बढ़ा भरोसा- श्री महाकालेश्वर मंदिर में लगातार बेहतर व्यवस्थाएं और सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन में आसानी हो रही है और उनका अनुभव भी बेहतर हो रहा है।

महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया के अनुसार मंदिर में व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। यही वजह है कि श्रद्धालु यहां बार-बार आने की इच्छा रखते हैं।

# रंगपंचमी की नगर गेर की तैयारी तेज, निगम ने किया पूरे मार्ग का निरीक्षण

## महाकाल मंदिर से गोपाल मंदिर तक अफसरों की टीम पहुंची, गड्ढे भरने



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगपंचमी पर निकलने वाली उज्जैन की पारंपरिक नगर गेर को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 8 मार्च रविवार को होने वाले इस बड़े आयोजन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए निगम अधिकारियों की टीम ने गेर के प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महाकालेश्वर मंदिर से लेकर गोपाल मंदिर तक पूरे मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रंगपंचमी से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि गेर के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

नगर निगम के उपायुक्त ने कहा कि नगर गेर में हजारों श्रद्धालु और शहरवासी शामिल होते हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता है कि पूरा मार्ग बाधामुक्त रहे और सुरक्षा के साथ आयोजन संपन्न हो। इसके लिए सभी विभागों को समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन व्यवस्थाओं पर रहेगा खास ध्यान

सफाई व्यवस्था- गेर मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। सड़क और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़क मरम्मत- मार्ग में जहां भी गड्ढे हैं, उन्हें तुरंत भरने के लिए कहा गया है, ताकि गेर के दौरान किसी को असुविधा न हो।

सुरक्षा व्यवस्था- बिजली के झूलते तार, अतिक्रमण और अन्य बाधाओं को हटाने पर जोर दिया गया है, जिससे मार्ग पूरी तरह सुरक्षित और खुला रहे।

पेयजल की व्यवस्था- गेर में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग पर जगह-जगह पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों ने दिए हैं।

नगर निगम का कहना है कि सभी विभागों के समन्वय से रंगपंचमी की नगर गेर को पारंपरिक उत्साह और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ आयोजित किया जाएगा।

# मुंबई के दर्शनार्थियों की पलटी कार, 5 घायल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार सुबह साडू माता बावड़ी के समीप अचानक असंतुलित होने के बाद कार पलटी खा गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना के बाद अजय पिता दिलीप, वैष्णवी पति अनिकेत, शांति पति ओमप्रकाश यादव, सोनल पिता ओमप्रकाश और पूनम को चरक अस्पताल लाया गया था। सभी को चोट लगी थी। डॉक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि सभी मुम्बई के रहने वाले हैं और कार में सवार होकर महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आ रहे थे। हादसा सुबह 10 बजे के लगभग हुआ। अचानक कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई थी। घटनाक्रम देख आसपास के लोग राहत बचाव के लिए दौड़ पड़े थे। घायलों को कार से बाहर निकाला गया। इस बीच जानकारी मिलने पर एम्बुलेंस और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

# चिंतामन गणेश की पहली जत्रा में दर्शन करने पहुंचे हजारों लोग

## सुबह पट खुलने के बाद दर्शन शुरु हो गए थे - नई उपज लेकर किसान भी पहुंचे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चिंतामन गणेश मंदिर में चैत्र मास की पहली जत्रा बुधवार से शुरु हो गई। इस बार चैत्र माह में पांच बुधवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसके चलते पांच जत्राएं आयोजित होंगी। मंदिर में सुबह 5 बजे भगवान का श्रृंगार हुआ और फिर दर्शन शुरु हुए। जत्रा पर भक्तों के साथ-साथ किसान भी नई उपज लेकर पहुंचे।

मंदिर के पुजारी गणेश गुरु ने बताया कि चैत्र मास भगवान गणेश की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। परंपरा के अनुसार चैत्र माह के प्रत्येक बुधवार को चिंतामन गणेश मंदिर में जत्रा लगती है। इस वर्ष पांच बुधवार होने से श्रद्धालुओं को पांच बार जत्रा का लाभ मिलेगा। एक दिन पहले चिंतामन गणेश मंदिर पर चैत्र मास की पहली जत्रा लगी। इस कारण कल तड़के 4 बजे मंदिर के पास खुल गए थे और भगवान चिंतामन गणेश का पंचामृत अभिषेक करने के बाद उन्हें आकर्षक चोला चढ़ा कर मनोहारी श्रृंगार किया गयाष इसके बाद भगवान की आरती हुई और उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके बाद से दर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया था जो मंदिर के पट बंद होने के समय रात 11 बजे तक लगातार चला। उन्होंने बताया कि चैत्र मास में भगवान चिंतामन गणेश के दर्शन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि मध्यप्रदेश ही नहीं, देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं।

मंदिर परिसर में मेले जैसा दृश्य बन जाता है। मालवी बोली में इसे जत्रा कहा जाता है, जो समय के साथ लोकपर्व का स्वरूप ले चुकी है। मंदिर प्रशासक अभिषेक शर्मा ने बताया कि चैत्र मास में बढ़ती गर्मी को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। खुले एरिया में श्रद्धालुओं को धूप से बचाने के लिए शेड और शामियाने लगाए गए हैं। तेज धूप में पैरों को गर्म जमीन से बचाने के लिए कारपेट भी बिछाया गया। कल आम लोगों के साथ बड़ी संख्या में किसान भी पहुंचे। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार होती है और किसान नई फसल का पहला अंश भगवान चिंतामन गणेश को अर्पित करते हैं। अब दूसरी जत्रा 11 मार्च को लगेगी।

# कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई अधिकांशतः कम्बाईन हार्वेस्टर द्वारा की जाती है। सामान्यतः कृषक फसल कटाई उपरांत बचे हुए गेहूं के डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर उसे जला देते हैं। जबकि कृषक विभिन्न उन्नत तकनीकों जैसे स्ट्रॉ रीपर से बचे हुए फसल अवशेष का भूसा बनाना, स्ट्रॉ रीपर उपरांत शेष डंठलों/खापी को रोटावेटर/मल्वर/कल्टीवेटर/देशी पाटा के माध्यम से भूमि में मिला देना एवं बेस्ट डिकंपोजर/पूसा डिकपोजर यूरिया छिड़काव करके नरवाई को जल्दी खाद में परिवर्तित करना आदि जैसी तकनीकों का उपयोग करके फसल अवशेष का प्रबंधन कर सकते है। भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योगों में किया जा सकता है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान दृष्टिगत जनहित में नरवाई जलाने पर रोक लगाई है। खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन, धन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जंतु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं जिससे खेत की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है एवं उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं। जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों में जन सामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर श्री सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत उज्जैन जिले की सीमा में गेहूं एवं अन्य फसलों के अवशेष (नरवाई) में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है।

फसलों की कटाई में प्रयुक्त होने वाले प्रत्येक कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिए भूसा मशीन अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए।

जिसकी की सतत् निगरानी जिला परिवहन अधिकारी, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी। बिना स्ट्रा रीपर/स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाईन हार्वेस्टर चलाये जाने पर मशीन संचालक पर राशि 25,000/- रुपये का अर्थदण्ड या हार्वेस्टर जप्ती की कार्यवाही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

जिले के एवं अन्य राज्यों से आने वाले समस्त हार्वेस्टर संचालकों को यह अनिवार्य होगा की वह अपनी स्वयं की जानकारी व मशीन की जानकारी (हार्वेस्टर/वाहन नं., स्वामी का नाम, संपर्क नं.), कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज करायेंगे। इसके लिए थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

पर्यावरण विभाग के आदेश अनुसार नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नोटिफिकेशन से पर्यावरण सुरक्षा के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के क्रम में Air Prevention & Control of Pollution Act 1981 के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने के लिए प्रतिबंधित किया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किये जाने के निर्देश हैं।

### उत्तर प्रदेश के युवक का उज्जैन में कराया अंतिम संस्कार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया। ग्राम जैथल में ईंट भट्ठे पर राजकुमार काम करता है जिसका मुंह बोला भांजा राजवीर पिता नंदलाल 23 वर्ष 2 दिन पहले मिलने आया था। मंगलवार-बुधवार रात आगर रोड नाकोड़ा पेट्रोल पंप के समीप पैदल सड़क पार करते समय राजवीर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई। मुंह बोला मामा राजकुमार मौके पर पहुंचा। मृतक युवक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाई गई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान राजकुमार ने बताया कि राजवीर के आगे पीछे कोई नहीं है वह ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। राजवीर की मुंहबोली बहन उसके गांव में रहने वाली है। जिसके चलते वह राजवीर को पहचानता था। उसकी मन क्लीनर में नहीं लग रहा था जिसके चलते वह काम छोड़कर जैथल आया था। उसके माता-पिता नहीं है जिसके चलते उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजकुमार के बयान दर्ज कर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

# ड्यूटी के बाद पुलिस की होलीः अफसर-जवानों ने साथ खेला रंग-गुलाल

## लाइन में गीत-संगीत के बीच मना रंगों का पर्व, एसपी प्रदीप शर्मा ने स्टॉफ के साथ मनाई होली, परिजन भी हुए शामिल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली के दौरान शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार ड्यूटी में जुटे पुलिसकर्मियों ने एक दिन बाद गुरुवार को जमकर होली खेली। देवास रोड स्थित पुलिस लाइन में अफसरों से लेकर जवानों तक सभी ने रंग-गुलाल उड़ाकर त्योहार का आनंद लिया। माहौल पूरी तरह होलीमय रहा और सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं।



दरअसल, होली के दिन पुलिसकर्मी शहर और जिले में कानून व्यवस्था संभालने में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में त्योहार के अगले दिन पुलिस लाइन में होली का आयोजन किया गया। गुरुवार को यहां का माहौल बिल्कुल बदला-बदला नजर आया। जहां रोजाना पुलिसकर्मी वर्दी में दिखाई देते हैं, वहीं इस दिन अफसर और जवान साधारण कपड़ों में पहुंचे और रंगों की मस्ती में डूबे नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे लोकप्रिय होली गीतों पर सभी ने झूमकर उत्सव का आनंद लिया। जवानों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को रंग लगाया और उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं अधिकारियों ने भी जवानों को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी अपने स्टॉफ के साथ शामिल हुए। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ रंग खेला और यादगार पलों को कैमरे में कैद करते हुए सेल्फी भी खिंचवाई।

होली मिलन कार्यक्रम में कई पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर रंग-गुलाल लगाया और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन में हंसी-मजाक और मस्ती का माहौल बना रहा। इस तरह कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के बाद पुलिस परिवार ने एक साथ मिलकर होली का उत्सव मनाया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

### युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, बेटी-दोस्त घायल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात साडू माता बावडी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बेटी और साथी घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है। भेरूगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि साडू माता बावडी मार्ग चौराहा पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। दुर्घटना स्थल पर दो युवक और एक बालिका घायल हालत में पड़े थे। जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल एक युवक की मौत होना सामने आया। घायल दूसरे युवक और बच्ची से पूछताछ में सामने आया कि मृतक संजय पिता अंबाराम मीणा निवासी गणेश नगर भेरूगढ़ है। घायल बच्ची साक्षी मीणा 8 साल मृतक की बेटी है। वहीं घायल युवक राकेश निवासी रतलाम है। दुर्घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। वही सामने आया कि तीनों को टक्कर कार ने मारी थी। जो मौके से भाग निकला है। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि संजय अपनी बेटी और दोस्त राकेश के साथ ढाबे पर खाना खाने गया था जहां से वापस पैदल लौटते समय दुर्घटना हुई है। मृतक संजय उसका साथी राकेश साथ में मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से की जा रही है। चार पहिया वाहन अर्टिगा कार होना सामने आ रहा है। जिसका नंबर ट्रेस होते ही चालक को हिरासत में लिया जाएगा।

### किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए निशुल्क एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण आगामी 03 माह तक चलेगा। अभियान अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी का नि~शुल्क टीका लगाया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार इस अभियान में 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को 90 दिन की विशेष छूट दी गई है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 13 स्थानों पर टीके निःशुल्क लगाए जा रहे है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन, जिला चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, सिविल अस्पताल माधवनगर, सिविल अस्पताल जीवाजीगंज, सिविल अस्पताल महिदपुर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बडनगर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में टीके निःशुल्क लगाये जा रहे है।

# सड़क चौड़ीकरण के विरोध में भड़का पिपली नाका, विधायक की कार रोकी; भाजपा कार्यालय में घुसी भीड़

## नोटिस मिलने के बाद 400 से अधिक रहवासी पहुंचे आगर रोड स्थित दफ्तर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलीनाका क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को स्थानीय रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। करीब 400 से अधिक लोग विरोध जताने क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के आगर रोड स्थित कार्यालय पहुंच गए। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने रास्ते में ही विधायक की कार रुकवा ली और उन्हें भाजपा कार्यालय ले जाकर अपनी समस्या सुनाई। महिलाओं ने रोते-बिलखते घर बचाने की गुहार लगाई। करीब एक घंटे तक कार्यालय परिसर में हंगामे जैसी स्थिति बनी रही।



दरअसल, नगर निगम द्वारा पिपलीनाका से गढ़कालिका मंदिर होते हुए भैरवगढ़ जेल चौराहा तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए मंगलवार को क्षेत्र के मकान और दुकान मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में भवन स्वामियों से सात दिन के भीतर चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले हिस्से को स्वयं खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद से क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

10 से 20 फीट तक मकान आने का दावा- स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के कारण कई मकानों का 10 से 20 फीट तक हिस्सा प्रभावित हो रहा है। इससे कई परिवारों के सामने घर और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। इसी चिंता को लेकर बड़ी संख्या में रहवासी एकजुट होकर विधायक के दफ्तर पहुंचे और जोरदार विरोध दर्ज कराया।

महिलाओं की आंखों में आंसू, घर बचाने की गुहार- प्रदर्शन के दौरान कई महिलाएं भावुक होकर रो पड़ीं। उन्होंने विधायक से कहा कि वोट देकर उन्हें जिताया था, लेकिन अब उनके ही घरों पर बुलडोजर चलने की नौबत आ गई है। महिलाएं भाजपा कार्यालय के भीतर बैठ गईं और नारेबाजी करते हुए प्रशासन के फैसले का विरोध किया।

विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा- स्थिति को देखते हुए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने प्रदर्शनकारियों की बात सुनी और मौके पर ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से फोन पर चर्चा की। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों को कलेक्टर से मिलवाकर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

आर्थिक तंगी के बीच घर टूटने का डर- स्थानीय रहवासी संगीता भारती ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि पति और बेटे की मौत के बाद वे मजदूरी कर परिवार का गुजारा कर रही हैं। बीमारी और आर्थिक तंगी के बीच उनके पास किराया देने तक की स्थिति नहीं है। ऐसे में यदि घर का हिस्सा टूट गया तो रहने का कोई सहारा नहीं बचेगा।

इसी तरह ममता सैनी ने कहा कि उनका घर टूट गया तो छोटे बच्चों के साथ सड़क पर आना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि सड़क के लिए कुछ जमीन ले ली जाए, लेकिन पूरा घर न तोड़ा जाए।

100 फीट चौड़ाई के अनुसार लगाए गए निशान- नगर निगम की जोन-1 टीम ने पिपलीनाका से गढ़कालिका मंदिर, ओखलेश्वर श्मशान होते हुए भैरवगढ़ जेल चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए निशान लगाए हैं। पहले सड़क की चौड़ाई 150 फीट प्रस्तावित थी, जिसे बाद में घटाकर 100 फीट कर दिया गया।

रहवासी 80 फीट सड़क पर अड़े- वहीं स्थानीय रहवासियों की मांग है कि सड़क की चौड़ाई 80 फीट रखी जाए। उनका कहना है कि ऐसा करने से कई मकानों को टूटने से बचाया जा सकता है। हालांकि प्रशासन की ओर से जल्द ही मौके पर कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

# आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत श्रीमती जुलेखा को मिल रही निःशुल्क डायलेसिस



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के विराटनगर निवासी श्रीमती जुलेखा बी पति तज्जुउद्दीन उम्र 43 वर्ष किडनी की गंभीर बीमारी से विगत कई वर्षो से पीडित है। इस बीमारी के कारण वह बिस्तर पर ही आराम किया करती थी। उनके पूरे शरीर में सुजन बनी रहती थी, ऐसी स्थिति में इस उम्र में जो सामान्य कार्य एक स्वस्थ्य व्यक्ति द्वारा किये जाते है वे जुलेखा नहीं कर पाती थी। प्रायवेट अस्पताल में दिखाने पर चिकित्सकों द्वारा उनकी कीडनी में खराबी होना बताया गया तथा तुरन्त ही उन्हें डायलेसिस की आवश्यकता बताई गई ताकि जुलेखा के जीवन की रक्षा की जा सके। परिवार द्वारा इधर-उधर से कुछ रूपयों की व्यवस्था कर प्रायवेट अस्पताल में श्रीमती जुलेखा का डायलेसिस करवाया गया। जब सप्ताह में दो बार डायलेसिस की आवश्यकता पड़ने लगी और इसका खर्च 4000 से 5000 हजार प्रति सप्ताह आने लगा तो पूरा परिवार चिन्ता में पड़ गया।

इस स्थिति में श्रीमती जुलेखा के पति उनको लेकर सिविल अस्पताल माधवनगर पहुंचे। जहां श्रीमती जुलेखा का पंजीकरण आयुष्मान योजना अन्तर्गत किया गया वे इसके लिये पात्र थी। आयुष्मान योजना अन्तर्गत जुलेखा का सप्ताह में दो बार निःशुल्क डायलेसिस डॉ. विक्रम रघुवंशी एवं प्रशिक्षित स्टॉफ की निगरानी में सिविल अस्पताल माधवनगर की डायलेसिस यूनिट में किया जा रहा है। अब उनके परिवार को पहले से काफी राहत है कि डायलेसिस का खर्च आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा वहन किया जा रहा है। निकट भविष्य में जुलेखा के बेहतर स्वास्थ्य लाभ होने की आशा है।